दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

• नई दिल्ली।। गुरुवार 11 अप्रैल -2024 • वर्ष : 8 अंक : 181 पेज-08 • RNI NO. DELHIN/2015/65364 • मूल्य : ₹3




तृतीय नवरात्रि : मां चंद्रघंटा











Contact : 5, Km. Mile Stone, Delhi-Meerut Road, (Near RKGITM) Ghaziabad - 201017 rkggs2022@gmail.com, principal.rkggs@gmail.com 9829227051, 9319259106, 9319259108 www.rkggs.com


# लोकसभा चुनाव के लिए सपा का घोषणापत्र जारी, जातिगत जनगणना से लेकर एमएसपी का दिया भरोसा



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। सपा ने किसानों को एमएसपी की गारंटी से लेकर जातिगत जनगणना तक वादा किया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी के सोशल मीडिया पेज से सुझाव मांगे गए थे। इन्हीं सुझावों के आधार पर विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया गया। हमने अपने विजन डॉक्यूमेंट को 'जनता का मांग पत्र - हमारा अधिकार' नाम दिया है। इस विजन डॉक्यूमेंट में मुख्य मांगें हैं- संविधान की रक्षा का अधिकार, लोकतंत्र, मीडिया की स्वतंत्रता का अधिकार और देश के विकास के लिए सामाजिक न्याय का अधिकार आवश्यक है। जाति जनगणना के बिना समावेशी विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सीमाएं असुरक्षित होती जा रही हैं। भारत के कुछ हिस्से में सीमा सिकुड़ रही है। अग्निवीर योजना सोची-समझी रणनीति है। अग्निवीर नीति को समाप्त किया जाएगा। अगर भाजपा फिर सत्ता में आई तो कहीं पुलिस-पीएसी में भी तीन साल की नौकरी न कर दे। उन्होंने कानूनी गारंटी के रूप में सभी किसानों को एमएसपी का वादा किया। साथ ही भूमिहीन किसानों समेत सभी कृषि/किसान ऋण 2024 में माफ किए जाएंगे। किसानों को सिंचाई की सुविधा मुफ्त में मिलेगी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि मुफ्त राशन में गेहूं की जगह आटा देंगे। पौष्टिकता और गुणवत्ता में यह आटा देश की सबसे अच्छी कंपनियों के आटे के मुकाबले का होगा। इसके लिए मंडियों के पास ही अत्याधुनिक तकनीकी वाला 'आटा प्लांट' लगाएंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार भी मिलेगा। जनता का साथ होगा तो सबसे ज्यादा सीट पाएंगे। सपा अधिकारों की बात करती है।

# जब जिलाधिकारी ने संभाल लिया बस का स्टेयरिंग और फिर थामा कैमरा

## मतदान जागरूकता के संदेश के साथ छा गये डीएम इन्द्र विक्रम सिंह

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अधिकारी अपने कार्यों को जिम्मेदारी से निभाते हैं और कई बार वो जनता को जनता की बात जनता के अंदाज में समझाते हैं। ऐसे ही एक अधिकारी आईएएस इन्द्र विक्रम सिंह हैं। वो गाजियाबाद के जिलाधिकारी हैं और सबसे बड़ी खूबी ये है कि वो कई बार प्रशासनिक शब्दों वाली बात को आध्यात्मिक अंदाज में समझा देते हैं। इन दिनों उनके कंधों पर सबसे बड़ी जिम्मेदारी लोकतंत्र महोत्सव की है। वो जिलाधिकारी के साथ साथ निर्वाचन अधिकारी भी हैं। यहां शांतिप्रिय और निष्पक्ष चुनाव कराने के साथ-साथ उनकी जिम्मेदारी मतदान प्रतिशत बढ़ाने की भी है। वो मतदान के प्रति लोगों को लगातार जागरूक कर रहे हैं। हर उस स्थान पर वो जाकर मतदान के प्रति जागरूक करते हैं जहां से जनता को अपनी बात समझाई जा सकती है। बुधवार को जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह का अंदाज उस समय जनता को बेहद पसंद आया जब वो बस ड्राइवर बन गये और उन्होंने इसके बाद कैमरामैन की भूमिका निभाई। इन दोनों भूमिकाओं से उन्होंने मतदान करने की बात लोगों को समझाई। बुधवार को विकास भवन में कार्यक्रम था। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल स्वीप की कमान संभाल रहे है। वो पोस्टर अभियान के जरिए, नुक्कड नाकटों के जरिए मतदान के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। बुधवार को विकास भवन में बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता रखी गई थी। यहां पर आईएएस इन्द्र विक्रम सिंह जब पहुंचे तो वो पूरी तरह से मतदान जागरूकता वाले अंदाज में थे। वो यहां आये और उन्होंने स्कूल बस से लेकर कैमरे तक से एक संदेश दिया। सब हैरान रह गये जब डीएम इन्द्र विक्रम सिंह बस ड्राइवर बन गये। उन्होंने बस ड्राइवर की सीट पर बैठक स्टेयरिंग संभाला और स्कूली बच्चों को बिठाकर बस का एक चक्कर लगा डाला। इन्द्र विक्रम सिंह अपने ट्रेनिंग काल में ही बस से लेकर कार तक सभी वाहन चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं वो कुशल ड्राइवर हैं और बस ड्राइवर के रूप में उनका ये अंदाज सभी को भाया। इसके बाद जिलाधिकारी ने अपने हाथ में कैमरा लिया और फिर उन्होंने अपनी फोटोग्राफी स्किल का कमाल दिखाया और बच्चों के फोटो खीचें। जिलाधिकारी ने एक बहुत शानदार संदेश एक अनोखे तरीके से दिया। इस संदेश में कोई आदेश नहीं था बल्कि अधिकारी खुद इन्वॉल्व हुए और मतदान जागरूकता का संदेश दिया। ये बताया कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण करने के साथ साथ मतदान के प्रति जागरूक करना भी हमारी जिम्मेदारी है।





**वो गाजियाबाद के जिलाधिकारी हैं और सबसे बड़ी खूबी ये है कि वो कई बार प्रशासनिक शब्दों वाली बात को आध्यात्मिक अंदाज में समझा देते हैं। इन दिनों उनके कंधों पर सबसे बड़ी जिम्मेदारी लोकतंत्र महोत्सव की है। वो जिलाधिकारी के साथ-साथ निर्वाचन अधिकारी भी हैं।**

# डॉली शर्मा के चुनाव प्रचार में आएंगे सचिन पायलट, करेंगे चुनावी जनसभा को संबोधित





गाजियाबाद, करंट क्राइम। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है वैसे-वैसे चुनावी सरगर्मी भी तेज हो रही है। इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रत्याशी डॉली शर्मा के चुनाव प्रचार को रफ्तार देने के लिए बहुत जल्द राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट आने वाले हैं। यह जानकारी खुद डॉली शर्मा ने दी है। उनके जल्द ही कार्यक्रम फाइनल हो जाएगा। वह जनसभा को संबोधित करेंगे और यहां गुर्जर नेताओं को भी साधने का काम करेंगे।

इसके साथ ही डॉली शर्मा के लिए वह कई पुराने कांग्रेसी नेताओं और गठन प्रत्याशियों के साथ वार्ता कर चुनावी तालमेल भी बैठने का काम करेंगे। बता दें की डॉली शर्मा अब अपना चुनाव प्रचार तेज कर चुकी हैं और वह शहर से लेकर देहात तक रोजाना जनसंपर्क और नुक्कड़ सभाएं कर रही हैं।

### कई और प्रमुख नेताओं से किया जा रहा है संपर्क



करंट क्राइम। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा इस बार चुनाव को लेकर खास रणनीति बना रही हैं और यही वजह है कि अखिलेश यादव, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के साथ ही सचिन पायलट सहित कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के कई प्रमुख नेताओं और कांग्रेस के नेताओं को यहां लाने और उनके कार्यक्रम करने का विचार किया जा रहा है। जानकारी यह है कि आने वाले दिनों में अविनाश पांडे भी गाजियाबाद में डॉली शर्मा के लिए प्रचार करते हुए नजर आएंगे।

# ईद को लेकर बढ़ाई गई पुलिस कमिश्नरेट में सुरक्षा

## कई इलाकों में निकाला गया फ्लैग मार्च

गाजियाबाद, करंट क्राइम। ईद को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस की मुस्तैदी बढ़ा दी गई है। इसके साथ ही बुधवार को प्रमुख मुस्लिम आबादी वाले इलाकों में पुलिस और दूसरे राज्यों से चुनावी ड्यूटी पर आई फोर्स के साथ फ्लैग मार्च निकल गया। इस दौरान स्थानीय अधिकारियों ने अलग-अलग मस्जिदों के मौलवी एवं प्रमुखों से अपील की है की नमाज सड़क पर ना पढ़ाई जाए। साथ ही शांति व्यवस्था भी कायम रखी जाए। गुरुवार के लिए पुलिस कमिश्नरेट के सिटी जोन, ग्रामीण और ट्रांस हिंडन जोन की सभी प्रमुख ईदगाहों पर पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही एसीपी स्तर के अधिकारी पूरे इलाके पर मॉनिटरिंग रखने का अधिक काम करेंगे। डीसीपी स्तर के अधिकारियों को अपने-अपने जोन में सकुशल नमाज संपन्न करने के निर्देश एडिशनल सीपी स्तर के अधिकारियों द्वारा जारी किए गए हैं।

### शहीद नगर, कैलाभट्टा, डासना में निकाला फ्लैग मार्च

करंट क्राइम। ईद से पूर्व सभी मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालने का काम किया। बुधवार को शाम के वक्त डासना इलाके में वेव सिटी थाना पुलिस और राजस्थान से आई पुलिस फोर्स के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। तो वहीं कैलाभट्टा में एसीपी प्रियाश्री पाल और सिटी कोतवाल दिनेश सिंह के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। साथ ही शांति समिति के पदाधिकारी से बातचीत भी की गई है। वहीं शहीद नगर और पसौंड़ा इलाके में भी पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला है।



### सोशल मीडिया पर भी रखी जा रही है नजर

करंट क्राइम। चुनावी सीजन चल रहा है और ऐसे में ईद का त्यौहार है। साथ ही नवरात्रि भी चल रहे हैं, असामाजिक तत्व किसी प्रकार से माहौल बिगड़ने का प्रयास न करें इसको लेकर सोशल मीडिया पर भी पुलिस निगरानी रखने का काम कर रही है, ताकि सभी त्यौहार शांति के साथ संपन्न कराए जा सकें।

## मुलाकात




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीजेपी लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग ने आरएलडी विधायक मदन भईया से मुलाकात की। गौरतलब है कि वेस्ट यूपी में आरएलडी और बीजेपी गठबन्धन के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। विधायक मदन भईया से मुलाकात के दौरान अतुल गर्ग ने उनसे वोट सपोर्ट की अपील की। इस मुलाकात में लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के साथ पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनिल कसाना, बीजेपी नेता सतेंद्र चौधरी भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# पं.अमरपाल शर्मा ने किया मोदीनगर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

## सपा- कांग्रेस के सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता रहे मौजूद







**अमरपाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं से चुनाव में जुट जाने का आह्वान किया और घर-घर पहुंच कर एक-एक वोट समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए कहा।**

मोदीनगर,करंट क्राइम। बागपत लोकसभा से गठबंधन के सपा प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा ने बुद्धवार को मोदीनगर स्थित अपने चुनाव कार्यालय का विधिवत तरीके से उद्घाटन किया। बुद्धवार को पं0 अमरपाल शर्मा ने सुबह करीब 11 बजे सैकड़ों कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ दिल्ली मेरठ रोड स्थित आर्य हॉस्पिटल के निकट रैपिड रेल पिलर संख्या 1137 के सामने मोदीनगर में चुनाव कार्यालय का पूजा अर्चना उपरान्त विधिवत तरीके से उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोकसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता व उनके समर्थक मौजूद रहे। इस अवसर पर अमरपाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं से चुनाव में जुट जाने का आह्वान किया और घर-घर पहुंच कर एक-एक वोट समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए कहा। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन, महानगर अध्यक्ष विरेन्द्र यादव, जिला उपाध्यक्ष और मोदीनगर विधानसभा के प्रभारी सत्येंद्र शर्मा, नगर अध्यक्ष सचिन दीक्षित, पार्टी के नगर उपाध्यक्ष बबलू लाइट, मोंटी वर्मा, नगर महासचिव विपिन चौधरी, नगर कोषाध्यक्ष जानी चौधरी, नगर सचिव दिनेश प्रधान, सतीश कश्यप, ऋषि शर्मा, युवजन सभा के नगर अध्यक्ष दीनू खान, इस्लाम नेता, परविंदर चौधरी, मनजीत नेहरा, बॉबी यादव, मुस्तफा मछरी, अमानत अली, सुरेन्द्र त्यागी, सभासद आलोक कौशिक, फिरोज चौहान, फिरोज सीकरी, शौकीन, राजेश जाटव, सचिन भारद्वाज, लाखन सिंह, मनजीत नेहरा, जगपाल सिंह, अनिल त्यागी, गफ्फार तोमर, पुनीत वर्मा, कालू ठेकेदार, केपी सिंह, प्रमोद शर्मा, कैलाश शर्मा आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे, वहीं कांग्रेस के युवा नेता व शहर अध्यक्ष आशीष शर्मा, सुनील शर्मा, नन्दकिशोर शर्मा, डॉ.जेपी सिंह, मंजुला शर्मा, दिनेश कुमार, गुबलवीर सिंह, अभय, राहुल शर्मा, निर्मल कौल, पवन कोरी, आम आदमी पार्टी के नेता हरेंद्र शर्मा, अभिषेक सीकरी आदि मौजूद रहे।

# 14 अप्रैल को पूरे देश में 'संविधान बचाओ और तानाशाही हटाओ' दिवस

## आप ने बनाई चुनाव की रणनीति



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री आवास पर लोकसभा चुनाव की रणनीतियों को लेकर अहम बैठक हुई। बैठक के बाद आप नेता गोपाल राय ने कहा कि बाबा साहेब के जन्मदिन के मौके पर 14 अप्रैल को पूरे देश में सविधान बचाओ और तानाशाही हटाओ दिवस को मनाया जाएगा। आम आदमी पार्टी अब लोकसभा चुनाव के लिए नई रणनीति बनाई हैं। मुख्यमंत्री आवास पर लोकसभा चुनाव की रणनीतियों को लेकर अहम बैठक हुई। जिसमें सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, संदीप पाठक, संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय और जैस्मीन शाह समेत पार्टी के कई बड़े नेता शामिल हुए।

बैठक को लेकर आप नेता गोपाल राय ने कहा कि सुनीता केजरीवाल कल मुख्यमंत्री से मिली हैं, और पार्टी और केजरीवाल के बीच संदेशवाहक का काम सुनीता कर रही हैं। आज यहां पार्टी के नेताओ की बैठक हुई है। भगवंत मान और सौरभ भारद्वाज और संदीप पाठक थे। सीएम ने संदेश दिया है कि विपरीत परिस्थितियों में दिल्ली के लोगो की सेवा जारी रहनी चाहिए, पार्टी के कार्यकर्ता जनता के सुख दुख में साथ खड़े हो। जेल में इस तानाशाह सरकार के हर एक जुल्म को सहेंगे।

बाबा साहेब के जन्मदिन के मौके पर 14 अप्रैल को पूरे देश में सविधान बचाओ और तानाशाही हटाओ दिवस को मनाया जाएगा। सभी राज्यों में केम्पैन चल रहा हैं, पंजाब मैं केम्पैन पहले से चल रहा था, दिल्ली में भी चालू हैं हम नॉर्थ ईस्ट मैं काम कर रहे हैं, अगले हफ्ते तक और काम किया जाएगा।

संजय सिंह ने कहा, 'दिल्ली की जेल में खूंखार से खूंखार अपराधी को जो अधिकार दिए गए हैं, वह अधिकार भी नरेंद्र मोदी अरविंद केजरीवाल से छीन रहे हैं। अरविंद केजरीवाल को धमकी दी जा रही है कि उन्हें उनके परिवार से भी नहीं मिलने दिया जाएगा। तानाशाह दिल्ली की तिहाड़ जेल को हिटलर का गैस चैंबर बनाना चाहता है। ये लोग तिहाड़ जेल को यातना गृह बनाना चाहते हैं, लेकिन दिल्ली की महान जनता इनके जेल का जवाब अपने वोट से देगी।' आप सांसद ने कहा, 'अरविंद केजरीवाल जेल में रहकर अपने परिवार, बूढ़े मां-बाप का हालचाल नहीं ले सकते।

वो अपने वकीलों से मिलेंगे नहीं तो केस कैसे लड़ेंगे? अरविंद केजरीवाल को किस बात की सजा देना चाहते हो? उन्होंने दिल्ली की 2 करोड़ जनता की सेवा की। उन्होंने मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, बेहतर स्कूल और स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध कराई। क्या यही उनका जुर्म है? इसी अपराध की उन्हें सजा दी जा रही है?'

### बैठक से पहले भाजपा पर बरसे संजय सिंह

आम आदमी पार्टी की बैठक से पहले आप सांसद संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अगर आज अरविंद केजरीवाल इस्तीफा दे दें तो ये लोग आम आदमी पार्टी को खत्म कर देंगे। हमारे मंत्रियों को जेल में डाल दिया जाएगा। पंजाब के सीएम, मंत्रियों को जेल में डाल दिया जाएगा और फिर ये उनका इस्तीफा मांगेंगे। ये एमके स्टालिन, रेवंत रेड्डी, केरल के सीएम विजयन, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव को जेल में डालेंगे, पूरे देश की विपक्षी पार्टियों खत्म करेंगे।

### केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

उधर, दिल्ली भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी के कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछार का इस्तेमाल किया।

## चुनाव सांसदी का...परीक्षा विधायकों की, 2022 के चुनाव में मिले वोट से अधिक वोट दिलाने का मिला है लक्ष्य



**कानपुर।** लोकसभा चुनाव में भाजपा व गठबंधन के प्रत्याशी को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में वहां के विधायकों को मिले वोट से अधिक मत दिलाने के लिए दोनों दलों की ओर से विधायकों को लक्ष्य दिया गया है। यह लक्ष्य इस सलाह और सुझाव के साथ दिया गया है कि जिन विधायकों के क्षेत्र में प्रत्याशी की हार होती है। उन विधायकों के काम और जनता के बीच उनकी पकड़ का आकलन चुनाव के बाद किया जाएगा।

इसके अनुसार ही 2027 में टिकटों का बंटवारा भी होगा। गठबंधन दल के सपा, कांग्रेस, आप और अन्य दलों की कोर कमेटी की बैठक मंगलवार को हुई, जबकि भाजपा की केंद्रीय इकाई से निर्देश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है विकास कार्यों के साथ ही इस चुनाव में कश्मीर से धारा 370 हटाने और अयोध्या में रामलला के विराजमान होने पर मिलने वाला जनसमर्थन भी साथ है।

ऐसे में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 2022 के चुनाव में मिले वोट से 15 से लेकर 25 प्रतिशत वोट अधिक लाने का लक्ष्य रखा गया है। सभी विधायकों को पार्टी के अलावा अपनी कमेटी बनाकर काम करने को कहा गया है। इसी तरह पूर्व विधायकों को भी इस रणनीति को हिस्सा बनाया गया है।

मुझे अपनी विधानसभा में 2022 के चुनाव में 84 हजार से बढ़त मिली थी। इस बार कोशिश है कि पार्टी के प्रत्याशी को गोविंनगर विधानसभा क्षेत्र से सबसे बड़ी लीड मिले। इसके लिए काम भी शुरू कर दिया गया है। -सुरेंद्र मैथानी विधायक, गोविंदनगर भाजपा

मेरी विधानसभा क्षेत्र से पार्टी लगातार लंबे अंतराल के साथ जीतती रही है। इस बार भी यही कोशिश है। 2022 में मुझे जितना वोट मिला था, इस बार के लोकसभा में उसका दोगुना प्रतिशत लाने पर जोर है। -महेश त्रिवेदी, विधायक, किदवईनगर भाजपा

सपा को कैंट में जितना वोट मिला था, उससे अधिक वोट मिलेगा। क्योंकि इस बार कांग्रेस भी साथ है। अकेले मेरी विधानसभा से सवा लाख से अधिक वोट दिलाने की कोशिश होगी। इसके लिए पार्टी से भी आदेश मिला है। -मो. हसन रूमी, विधायक कैंट, सपा इस बार सिर्फ सपा ही नहीं कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के अलावा सत्ता पक्ष के विरोध का भी वोट गठबंधन प्रत्याशी को मिलेगा।

मुझे पूरी उम्मीद है कि इस बार अकेले आर्यनगर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी को 85 हजार से अधिक वोट मिल सकता है। -अमिताभ बाजपेई, विधायक, आर्यनगर, सपा इरफान भाई के क्षेत्र में मौजूद नहीं रहने का फर्क तो पड़ेगा, लेकिन यहां की जनता गठबंधन के प्रत्याशी को लेकर काफी उत्साहित है।

## विधानसभा सचिवालय के नोटिस पर अध्यक्ष से मिले निर्दलीय विधायक



**शिमला।** प्रदेश विधानसभा सचिवालय के नोटिस की अनुपालना में तीनों निर्दलीय विधायक बुधवार को अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मिले और इस्तीफा मंजूर करने का अनुरोध किया।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय के नोटिस की अनुपालना में तीनों निर्दलीय विधायक बुधवार को अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मिले और इस्तीफा मंजूर करने का अनुरोध किया। इन तीनों निर्दलीय विधायकों देहरा से होशियार सिंह, नालागढ़ से केएल ठाकुर और हमीरपुर से आशीष शर्मा ने विधानसभा की सदस्यता से 22 मार्च को विधानसभा अध्यक्ष तथा सचिव को अपने इस्तीफे सौंपे थे। हालांकि, अभी इस्तीफे मंजूर करने पर फैसला नहीं हो पाया है।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि निर्दलीय विधायकों ने 22 मार्च को सचिव विधानसभा के पास अपना इस्तीफा दिया और इसके बाद मुझे भी इसकी प्रति दी। इसके दूसरे दिन कांग्रेस विधायकों की ओर से निर्दलियों के इस्तीफे के खिलाफ एक याचिका विधानसभा सचिवालय को दी गई। पठानिया ने कहा कि जब भी कोई विधायक इस्तीफा देता है तो उस संबंध में नियम है कि यदि अध्यक्ष को यह लगे कि जिन परिस्थितियों में विधायक ने इस्तीफा दिया है, उन परिस्थितियों की जांच करना जरूरी है। इस स्थिति में संविधान के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष जांच के लिए अधिकृत है। इसी के तहत तीनों विधायकों को नोटिस जारी किया और राज्यपाल को भी इस संबध में सूचित किया था।

नोटिस में विधायकों को 10 अप्रैल को विधानसभा सचिवालय में उपस्थित रहने को कहा था। साथ ही एक दिन पहले नोटिस का जवाब विधानसभा सचिवालय को देने के लिए कहा था।

पठानिया ने कहा कि तीनों निर्दलीय विधायक आज उपस्थित हुए। उन्होंने जवाब के लिए समय मांगा। अब मामला गंभीर हो गया है। विधायकों की ओर से विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के विरोध में रिट पिटीशन की गई है। इसमें विधानसभा अध्यक्ष के सांविधानिक अधिकारों को चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने विधानसभा सचिवालय से जवाब मांगा है। मामले की सुनवाई 24 अप्रैल को होगी। कुलदीप पठानिया ने कहा कि निर्दलीय भी जब कोई राजनीति दल ज्वाइन करता है तो दलबदल विरोधी कानून को अट्रैक्ट करता है। यानि यह दलबदल प्रावधानों का उल्लंघन है।

**होशियार सिंह ने ये कहा**

वहीं, निर्दलीय विधायक होशियार सिंह ने कहा कि 22 मार्च को उन्होंने निर्दलीय विधायक के तौर पर इस्तीफा दिया था और किसी पार्टी से नहीं थे। इस संबंध में जल्द फैसला लिया जाना चाहिए। मिजोरम में भी इस तरह के मामले में कोर्ट ने विधानसभा को एक दिन में फैसला देने के आदेश दिए थे। इस संबंध में विधानसभा सचिवालय को पहले भी जवाब दिया गया है। बार-बार जवाब देने की जरूरत नहीं है।

## चंडीगढ़ से भाजपा उम्मीदवार होंगे संजय टंडन

### दो बार की सांसद किरण खेर का टिकट कटा





**चंडीगढ़।** किरण खेर 2014 और 2019 में चंडीगढ़ से भाजपा की सांसद रही हैं। इस बार खेर ने अप्रत्यक्ष रूप से जता दिया था कि वे चुनाव नहीं लड़ेंगी। वहीं संजय टंडन का चंडीगढ़ में संगठन खड़ा करने में अहम योगदान रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर दो बार की सांसद किरण खेर की टिकट काट दी है और इस बार भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय टंडन को मैदान में उतारा है। टंडन हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी हैं। किरण खेर लगातार दो बार चंडीगढ़ से चुनाव जीतकर लोकसभा में जा चुकी हैं।

टंडन भाजपा के वरिष्ठ नेता बलरामजी दास टंडन के बेटे हैं। संजय टंडन चंडीगढ़ भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। चंडीगढ़ में भाजपा का संगठन खड़ा करने में संजय टंडन का काफी अहम योगदान रहा है। वे समाजसेवा से जुड़े हुए हैं। चंडीगढ़ से सबसे पहले भाजपा ने उम्मीदवार घोषित किया है। कांग्रेस अभी इंतजार में है। आप से गठबंधन के तहत कांग्रेस को मिली है चंडीगढ़ सीट चंडीगढ़ में इस बार आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने एक साथ मिलकर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। इस गठबंधन में चंडीगढ़ की सीट कांग्रेस के खाते में गई है। हालांकि कांग्रेस ने अभी तक अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है लेकिन माना जा रहा है कि कांग्रेस पूर्व सांसद व पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री पवन कुमार बंसल को मैदान में उतर सकती है।

## भाजपा ने इन सात सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार, डिंपल के सामने होंगे ये मंत्री



**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की 10वीं लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में नौ प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। चंडीगढ़ के अलावा उत्तर प्रदेश की सात और पश्चिम बंगाल की एक लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार घोषित किए गए हैं।

**डिंपल को चुनौती देंगे योगी की मंत्री :** यूपी की चर्चित सीटों में से एक मैनपुरी से भी भाजपा ने प्रत्याशी का एलान कर दिया है। भाजपा ने इस सीट से योगी सरकार में मंत्री जयवीर सिंह ठाकुर को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। उनका सीधा मुकाबला सपा सांसद और प्रत्याशी डिंपल यादव से होगा। 2022 के विधानसभा चुनाव में जयवीर ने मैनपुरी की सदर विधानसभा सीट से जीत हासिल की थी। वर्तमान में वह योगी सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री हैं।

**प्रयागराज के दोनों सांसदों का टिकट कटा :** प्रयागराज की दोनों सीटों पर भाजपा ने नए उम्मीदवारों को मौका दिया है। इलाहाबाद सीट से मौजूदा सांसद रीता बहुगुणा जोशी का टिकट काट दिया गया है। उनकी जगह इलाहाबाद सीट से नीरज त्रिपाठी को भाजपा ने टिकट दिया है। नीरज त्रिपाठी पूर्व राज्यपाल और यूपी विधानसभा के अध्यक्ष रहे केशरी नाथ के पुत्र हैं।

**भाजपा की नई सूची में यूपी की इन सीटों पर उम्मीदवारों का एलान**

- मैनपुरी लोकसभा सीट से जयवीर ठाकुर
- फूलपुर लोकसभा सीट से प्रवीण पटेल
- इलाहाबाद लोकसभा सीट से नीरज त्रिपाठी
- कौशाम्बी लोकसभा सीट से विनोद सोनकर
- बलिया सीट से नीरज शेखर
- मछलीशहर सीट से बीपी सरोज
- गाजीपुर सीट से पारसनाथ राय

## इंडिया गठबंधन के पक्ष में उतरा पंथक अकाली दल

### प्रत्याशियों का समर्थन करने का किया ऐलान



**कुरुक्षेत्र।** पंथक काली दाल के प्रमुख एवं वरिष्ठ सिख नेता जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि प्रदेश की करनाल लोकसभा सीट को छोड़कर बाकी 9 सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों का समर्थन करेंगे। उन्हें जिताने का भी भरपूर प्रयास होगा।

करनाल को छोड़कर प्रदेश की बाकी सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों का समर्थन करने का एलान किया है। पंथक काली दाल के प्रमुख एवं वरिष्ठ सिख नेता जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि भाजपा का करेंगे खुलकर विरोध क्योंकि भाजपा किसान अनाज मंडी व आढ़तियों को खत्म करने पर लगी है ऐसे में भाजपा का समर्थन नहीं कर सकते। पंथक अकाली दल ने सरस्वती से फैसला लिया है कि प्रदेश की करनाल लोकसभा सीट को छोड़कर बाकी 9 सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों का समर्थन करेंगे।

उन्हें जिताने का भी भरपूर प्रयास होगा और उनके जरिए लोकसभा में किसानों के साथ-साथ झेलम में बंद सिखों के रिहाई का मुद्दा भी उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि करनाल लोकसभा सीट पर फिलहाल सिख नेता भी मैदान में उतरे हुए हैं और फिलहाल इस सीट पर फैसला नहीं लिया गया। लेकिन वह खुद इस बार चुनाव नहीं लड़ेंगे।

## शक्ति के शौर्य का गवाह बना लोकतंत्र का महापर्व, दून में नौ देवियों के हाथ चुनावी रथ की कमान



**देहरादून।** नौ दिनों तक महिषासुर से चले युद्ध में मां दुर्गा ने नौ रूप धारण किए। उनकी विजय का सबने उत्सव मनाया। अब उसी नौ दिन की अवधि को नवरात्र के पर्व के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान में लोकतंत्र का पर्व चल रहा है। संयोग है कि इस पर्व के लिए दून जिले में प्रमुख जिम्मेदारियां नौ महिलाओं को दी गई हैं। इस तरह से कहा जा सकता है कि नौ देवियों के हाथों में दून के चुनावी महायज्ञ की कमान है।

निर्वाचन आयोग की ओर से बनाई गई निवार्चन टीम में शामिल प्रमुख नौ अधिकारियों के बारे में. जिला निर्वाचन अधिकारी : सोनिका बूथों के निर्धारण से लेकर पूरी चुनाव प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने का जिम्मा जिलाधिकारी सोनिका पर है। जिले में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति से लेकर ईवीएम-वीवी पैट, स्ट्रांग रूम से लेकर मतदान, संवेदनशील बूथ, सुरक्षा से संबंधित हर प्रक्रिया के लिए डीएम सोनिका उत्तरदायी हैं।

**प्रशिक्षण व चुनाव प्रबंधन (स्वीप) नोडल ऑफिसर : झरना कमठान**

जिला निर्वाचन अधिकारी के बाद सबसे अहम जिम्मेदारी सीडीओ झरना कमठान के पास है। पूरे लोस चुनाव के प्रबंधन का जिम्मा इन पर है। वह पूरी वोटिंग प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए मतदानकर्मियों को प्रशिक्षित करने से लेकर मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप की गतिविधियों को बराबर अंजाम दे रही हैं।

**लेखा-व्यय निगरानी नोडल ऑफिसर : नीतू भंडारी**

प्रत्याशियों के चुनाव खर्च का ब्योरा व निगरानी करने वाली टीम मुख्य कोषाधिकारी नीतू भंडारी के निर्देशन में काम कर रही है। यह टीम प्रत्येक प्रत्याशी के ऊपर हर पल नजर रखती है। नीतू भंडारी ने बताया कि प्रत्येक प्रत्याशी के सोशल मीडिया अकाउंट पर भी नजर है। स्टेटिक टीम व सचल दल सक्रिय है।

**सामग्री प्रबंधन नोडल ऑफिसर : लतिका सिंह**

मुख्य कृषि अधिकारी लतिका सिंह को नोडल ऑफिसर फॉर मैटेरियल मैनेजमेंट बनाया गया है। वह चुनाव में सभी प्रकार के सामग्री प्रबंधन का कार्य देख रही हैं। इस कार्य में लगी टीम को वही लीड कर रही हैं। मतदानकर्मियों का बैग तैयार करना एक बड़ा जिम्मा होता है जो इस समय किया जा रहा है।

**असिस्टेंट नोडल ऑफिसर फॉर ऑब्जर्वर्स : निधि बैंजोला**

जिला क्रीड़ा अधिकारी निधि बैंजोला को असिस्टेंट नोडल ऑफिसर फॉर ऑब्जर्वर्स बनाया गया है। निर्वाचन आयोग से भेजे जाने वाले ऑब्जर्वर्स के देहरादून में आने पर उनके रुकने, भोजन से लेकर परिवहन तक व्यवस्था की जिम्मेदारी इन पर है। ऑब्जर्वर के जाने के बाद व्यय की रिपोर्ट बनाकर निर्वाचन अधिकारी को दी जाती है।

**सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, देहरादून कैंटोनमेंट : शालिनी नेगी**

शालिनी नेगी बतौर डिप्टी कलेक्टर देहरादून कलेक्ट्रेट में तैनात हैं। इन्हें निर्वाचन प्रक्रिया में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर देहरादून कैंटोनमेंट बनाया गया है। इस क्षेत्र में निर्वाचन से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं को धरातल पर उतारना इनकी जिम्मेदारी है।

**सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, सहसपुर : स्मृता परमार**

विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी स्मृता परमार को निर्वाचन आयोग ने एआरओ सहसपुर की जिम्मेदारी दी है। इस क्षेत्र में सभी चुनाव प्रक्रियाओं को संपन्न कराना इनकी जिम्मेदारी है। इस क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने से लेकर बूथों की सुरक्षा, ईवीएम को बूथों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी इनके ऊपर है।

**सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, डोईवाला : अपर्णा ढौंडियाल**

एसडीएम डोईवाला के पद पर तैनात अपर्णा ढौंडियाल डोईवाला क्षेत्र में सभी भी प्रकार के चुनावी आयोजन, प्रचार आदि की निगरानी के लिए जवाबदेह हैं। क्षेत्र में कोई भी आयोजन इनकी अनुमति के बगैर नहीं हो सकता। बताया कि डोईवाला क्षेत्र में चुनावी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

**सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, ऋषिकेश : कुमकुम जोशी**

एसडीएम ऋषिकेश के पद पर तैनात कुमकुम जोशी का कार्य ऋषिकेश क्षेत्र में चुनावी प्रक्रिया को शांतिपूर्वक संपन्न कराना है। इस क्षेत्र में चुनाव प्रक्रिया से जुड़े फैसलों के लिए प्रारंभिक तौर पर वही जवाबदेह हैं। ईवीएम को बूथ तक पहुंचाने से लेकर मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक मतदान संपन्न कराना इनकी जिम्मेदारी है।

## बागी हुए भोजपुरी एक्टर पवन सिंह काराकाट से चुनाव लड़ेंगे, भाजपा से अंतिम उम्मीद टूटने पर फैसला




**पटना।** भाजपा ने पहली सूची में आसनसोल से टिकट दिया तो नकार गए। बिहार से इंतजार करते रहे, नहीं मिला। राजद में भी घूम आए थे, उसने भी कल की सूची में नहीं रखा। पवन सिंह को कांग्रेस से आस थी, लेकिन नहीं बनी। अब वह काराकाट से संभवतः निर्दलीय उतरेंगे। भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार पवन सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर आसनसोल लोकसभा क्षेत्र से लड़ने से साफ तौर पर इनकार कर दिया था।

उम्मीद थी भाजपा उन्हें कहीं और का टिकट दे देगी। लेकिन, कुछ देर पहले भाजपा ने लोकसभा उम्मीदवारों की जो आखिरी लिस्ट जारी की, उसने सारे अटकलों पर विराम लगा दिया। पवन सिंह को कहीं से भी टिकट नहीं मिला। जिस सीट से पवन सिंह नहीं लड़ना चाहते थे, वहां से वरीय नेता एसएस अहलूवालिया को उम्मीदवार बनाया है। पवन सिंह भाजपाई हैं, लेकिन भाजपा की इस सूची के साथ बगावत का अंदेशा सामने आ रहा था। वह कांग्रेस की तरफ देख रहे थे, क्योंकि उसे अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करनी है। लेकिन, अब पवन सिंह ने बिहार में काराकाट सीट से उतरने का एलान कर दिया है। यह सीट महागठबंधन में भाकपा माले के पास है। ऐसे में पवन सिंह निर्दलीय होंगे, यह ज्यादा संभावना है।

आरा से चुनाव लड़ना चाहते थे पवन सिंह? सूत्रों के मुताबिक पवन सिंह भले ही आसनसोल से टिकट मिलने से खुश थे, लेकिन उनकी पहली पसंद आरा थी। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, एक बार इस संबंध में पवन सिंह भाजपा के एक वरिष्ठ नेता से भी मिले थे। ताकि उनको आरा से टिकट मिल जाए, लेकिन भाजपा ने आरा से उनको टिकट नहीं दिया। आसनसोल के भाजपा नेताओं ने उनके इस निर्णय पर बयान जारी नहीं किया था।

### आसनसोल सीट से न लड़ने की कही थी बात

दरअसल, जब भाजपा ने पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से पवन सिंह के नाम का एलान किया था। इसके बाद पवन सिंह ने खुद ही यह सूची सोशल मीडिया पर पोस्ट की। मिठाई खिलाते और भगवान का शुक्रिया अदा करते हुए वीडियो भी डाला गया। लेकिन, 24 घंटे से पहले ही खुद ही पवन सिंह ने कहा कि वह आसनसोल सीट से उम्मीदवार नहीं हो सकते। भोजपुरी अभिनेता-गायक ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति 'आभार' व्यक्त करते हुए यह घोषणा कर दी। इधर, जैसे ही पवन सिंह ने यह बातें कहीं उसके बाद ही तृणमूल के महसाचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया पर भाजपा के खिलाफ सोशल मीडिया पर मोर्चा खोल दिया। उन्होंने इसे पश्चिम बंगाल के लोगों की 'अदम्य इच्छाशक्ति और शक्ति' बताते हुए इसकी सराहना की।




दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली।। गुरुवार 11 अप्रैल -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# अवैध संबंधों में प्रेमिका के पति की हत्या

## हत्यारोपी बोला- जब तक तू रहेगा जिंदा राधा नहीं हो पाएगी मेरी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सिहानी गेट पुलिस ने एक सनसनीखेज हत्या के मामले का खुलासा किया है। ई-रिक्शा चालक की हत्या उसकी ही पत्नी और पत्नी की प्रेमी ने मिलकर की थी। खास बात है कि महिला का प्रेमी ज्यादा उम्र वाला था। पुलिस ने हत्याकांड का दो दिन के अंदर खुलासा करते हुए हत्यारोपी राजेश गुप्ता निवासी विवेकानंद नगर कवि नगर को गिरफ्तार किया है। साथ ही मृतक की पत्नी राधा को भी सहअभियुक्त के रूप में दबोचा है।

पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कंबल, मोबाइल, पैनकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, रस्सी और घटना में प्रयुक्त मृतक के जुते व कपड़े भी बरामद किए हैं। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा सीसीटीवी फुटेज मैन्युअल इनपुट और सविलांस के आधार पर खोला है। खास बात यह है कि मृतक मनोज उसकी पत्नी राधा और हत्यारोपी राजेश गुप्ता एक ही मकान में रहते थे। राधा और राजेश के बीच बीते कई सालों से अवैध संबंध थे और यही अवैध संबंध मनोज की हत्या की वजह बने। हत्याकांड का खुलासा करते हुए डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह और एसीपी नंदग्राम रवि सिंह ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। पुलिस ने जानकारी दी है कि मनोज की गुमशुदगी उसकी पत्नी राधा ने ही दर्ज कराई थी।



**पुलिस ने ई-रिक्शा चालक की हत्या में पत्नी और उसके प्रेमी को किया गिरफ्तार**

### वॉइस रिकॉर्डिंग से खुला राज, दोनों में था बेइंतहा प्यार

**करंट क्राइम :** एसीपी नंदग्राम रवि सिंह ने बताया है कि मृतक मनोज की उम्र लगभग 35 साल के आसपास है जबकि उसकी पत्नी राधा की उम्र 21 साल की है। उनके एक बेटी भी है और हत्यारोपी राजेश गुप्ता की उम्र 38 साल है। राजेश अपनी उम्र से लगभग आधी उम्र की महिला राधा से बेइंतहा प्यार करता था और उसके अवैध संबंध थे। पुलिस का कहना है कि यही वजह मनोज की हत्या का कारण बनी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राधा और राजेश को पूर्व में भी आपत्तिजनक स्थिति मनोज ने देखा था। मनोज को शक था कि यह दोनों उसकी हत्या कर सकते हैं। पुलिस को एक मोबाइल भी मिला है जिसमें राजेश गुप्ता की आवाज रिकॉर्ड है कि जब तक मनोज जिंदा रहेगा राधा मेरी नहीं हो पाएगी। पुलिस ने इस सबूत को महत्वपूर्ण मानते हुए और घटना में प्रयुक्त सामान जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### छह साल पहले हुआ था राजेश का तलाक

करंट क्राइम : सिहानी गेट थाना प्रभारी रवेंद्र गौतम ने बताया है कि हत्यारोपी राजेश गुप्ता तलाकशुदा है। उसका 6 साल पहले तलाक हुआ था, उसके तीन बच्चे थे और बच्चे पत्नी के साथ रहते थे। मनोज ई- रिक्शा चालक था और राजेश गुप्ता ट्रक चालक था। इन्होंने तीन दिन पहले ही हत्या का प्लान बनाया था और मनोज को पहले शराब पिलाई और फिर अपनी ट्रक में डालकर दादरी के पास रोड साइड उसकी रस्सी और कंबल से गला घोट कर हत्या की, फिर शव को ट्रक में रखा और झज्जर हरियाणा लेकर चला गया था।

### सिहानी गेट पुलिस ने किया हत्या का खुलासा

**करंट क्राइम :** सिहानी गेट पुलिस बीते चार माह महीने में यह चौथा खुलासा कर किया है जिसमें पहले पुलिस किसी की गुमशुदगी दर्ज करती है फिर उसका शव मिलता है और पुलिस दो दिन के भीतर इस पूरे मामले में हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम करती है। इससे पहले डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानजंय सिंह, एसीपी नंदग्राम रवि सिंह की टीम चारों ऐसी हत्याकांड का खुलासा कर चुकी है, जो काफी सनसनीखेज और चुनौतीपूर्ण नजर आ रहे थे।

# कांग्रेस के लोकल नेता क्यों नहीं हो रहे हैं लोकसभा के चुनाव में वोकल

## दिख रही है उम्मीदवार की टीम लेकिन नजर नहीं आ रही है यहां कांग्रेस की मजबूत वाली थीम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा चुनाव में इस बार कांग्रेस और सपा दोनों चुनावी गठबंधन में साथ आये हैं। सपा ने उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए 17 सीटें छोड़ी हैं। कांग्रेस ने भी चुनावी समझौते में 17 सीटों पर चुनाव लड़ना स्वीकार कर लिया है। इन 17 लोकसभा सीटों में गाजियाबाद की लोकसभा सीट भी शामिल है। यहां से कांग्रेस ने पहले भी लोकसभा का चुनाव लड़ चुकी डॉली शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। यहां पर सपा और कांग्रेस दोनों को मिलकर चुनाव लड़वाना है। कांग्रेस को जब संगठन की जरूरत है और संगठन अपने बूथ वाले नेटवर्क के साथ चुनाव में आना है तब यहां एक अलग ही तराना हुआ है। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी को हटाकर उनके स्थान पर विजय चौधरी को महानगर अध्यक्ष बनाया गया है। विजय चौधरी पुराने कांग्रेसी नेता है और वो बेहतर जानते हैं कि ऐसे में संगठन की बागडोर कैसे संभालनी है। लोकेश चौधरी के स्थान पर वो महानगर अध्यक्ष बने हैं। भले ही विजय चौधरी अच्छे नेता हैं मंझे हुए तरीके से संगठन को चलाना जानते हैं लेकिन बीच चुनाव में अदला बदली का असर चुनाव पर पड़ता है। वहीं जिस टीम को गठबंधन ने चुनाव लड़ाना है उस टीम में खुद गाठें पड़ी हुई हैं। सपा वाले खुद अपने निजी विवाद में उलझ गये हैं। जब उन्हें मिलकर डॉली शर्मा को चुनाव लड़ाना है तब उनकी बोली बता रही है उनके आपसी विवाद नहीं सुलझ रहे हैं। ऐसे में अब ये चर्चा स्वभाविक रूप से उठने लगी है कि यहां उम्मीदवार की टीम तो लगातार पसीना बहा रही है लेकिन कांग्रेसियों को जिस एकजुटता के साथ चुनावी थीम पर आना था वो उस थीम पर नहीं आ रहे हैं। कई ऐसे नेता हैं जो चुनाव में नजर नहीं आ रहे हैं। कई ऐसे नेता हैं जो कार्यालय उद्घाटन पर दिखाई दिये लेकिन उसके बाद नहीं दिखाई दिये। कई वो भी नेता हैं जो चुनाव कार्यालय पर तो आते हैं लेकिन चुनाव प्रचार करने कहीं नहीं जाते हैं। ऐसे में कांग्रेस उम्मीदवार को और अधिक जोर लगाने पड़ रहे हैं। वो उन्हें अपने बड़े नेता बुलाने पड़ रहे हैं और चर्चा अब यही हो रही है कि आखिर कांग्रेस के नेता अपने चुनाव में लोकल को लेकर वोकल क्यों नहीं हो रह हैं। कांग्रेस का उम्मीदवार भी लोक ल है और नेता भी लोकल है। अगर ये नेता मतदाताओं के बीच नहीं जायेंगे तो इसके संदेश अच्छे नहीं जायेंगे।

### क्यों नहीं नजर आ रहे हैं लोकसभा चुनाव में सुशांत

**करंट क्राइम।** लोकसभा चुनाव का आगाज हो गया है और चुनावी योद्धा इस रण में पूरी तरह से आ गये हैं। लेकिन इस चुनाव में पूर्व सांसद स्वर्गीय सुरेन्द्र प्रकाश गोयल के सुपुत्र सुशांत गोयल का नजर ना आना चर्चा का विषय बना हुआ है। सुंशात गोयल विधानसभा चुनाव लड़ चुके है और वो कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव की दावेदारी में भी थे। कांग्रेस ने यहां डॉली शर्मा को उम्मीदवार बनाया। सुंशात गोयल लोकसभा चुनाव में अभी तक कांग्रेस उम्मीदवार के साथ नजर नहीं आये हैं। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस उम्मीदवार ने भी अपने परिवार के साथ सुंशात गोयल के घर पर चक्कर लगा लिया है। बताया जाता है कि अभी तक कांग्रेस उम्मीदवार और सुंशात गोयल के बीच मुलाकात नहीं हो पाई है। सियासी गलियारों में यही चर्चा है कि सुंशात गोयल को नैतिकता के तकाजे में यहां आना चाहिए। क्योंकि जब सुंशात गोयल विधानसभा का चुनाव लड़े थे तब डॉली शर्मा उनके चुनाव प्रचार में आईं थी और अब अगर डॉली शर्मा चुनाव लड़ रहीं है तो सुंशात गोयल का नजर ना आना चर्चा का विषय बना हुआ है। आखिर सुंशात गोयल यहां दिखाई क्यों नहीं दे रहे हैं।



# भगवागढ़ में नीले हाथी पर सवार होकर पुण्डीर परिवार ने दी तुण्डीर पर टंकार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा चुनाव में बसपा ने इस बार परम्परागत तरीके से उम्मीदवार घोषित किया और फिर कुछ घंटों में बदल भी दिया। जहां उसने पहले रॉकी कालरा यानी अंशय को उम्मीदवार घोषित किया। लेकिन कुछ घंटो बाद ही अंशय के नाम पर संशय छा गया और अंशय को पार्टी ने खीरी लोकसभा से टिकट दे दिया। यहां पर मुजफ्फरनगर से नन्दकिशोर पुण्डीर नीले हाथी के लोकसभा महावत के रूप में चुनाव लड़ने आ गये। उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल किया और यहां पर एक बड़ा कमाल ये हुआ है कि नन्द किशोर पुण्डीर खुद बसपा से लोकसभा उम्मीदवार हैं और उनकी पत्नी कविता पुण्डीर भी इसी लोकसभा से निर्दलीय उम्मीदवार हैं। पति पत्नी चुनाव लड़ रहे हैं कोई बात नहीं लेकिन यहां पर चुनावी तड़का ये है कि बसपा उम्मीदवार नन्द किशोर पुण्डीर के भतीजे अभिषेक पुण्डीर भी इसी लोकसभा से चुनावी उम्मीदवार हैं। ये पहली बार हो रहा है कि जब एक ही परिवार से तीन उम्मीदवार एक ही लोकसभा में चुनाव लड़ रहे हैं। पर्चा वापस लेने की तारीख भी निकल चुकी है लिहाजा ये भी डाउट नहीं है कि एक नाम आउट हो जायेगा। हो सकता है कि एक परिवार से तीन उम्मीदवारी किसी चुनावी रणनीति का हिस्सा हों लेकिन चुनावी जानकार ये बता रहे हैं कि अगर चुनाव प्रचार के दौरान दो अलग अलग उम्मीदवार एक ही कार में प्रचार करते पाये जाते हैं तो एक का नामांकन रद्द हो सकता है। अब एक साथ प्रचार करेंगे या नहीं करेंगे ये बाद की बात है लेकिन जब बसपा उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ तो अद्भुत तस्वीर ये थी कि चुनाव लड़ रहे तीन उम्मीदवार एक साथ हवन में आहुति डाल रहे थे। हवन बसपा उम्मीदवार का था और आहुति डालने वाला पुण्डीर परिवार था। बहरहाल अब ये चुनाव रोचक होता जा रहा है क्योंकि बसपा उम्मीदवार नन्द किशोर पुण्डीर ने अपना फोकस ठाकुर बैल्ट पर किया है। वो ठाकुर बैल्ट यानी साठा चौरासी में लगातार दस्तक दे रहे हैं। यहां उनकी उम्मीदवारी भी है और उनकी रिश्तेदारी भी बताई जाती है। यहां पर बसपा के हाथी को चुनावी रण में कहीं से कहीं तक कमजोर नहीं आंका जा सकता है और अब सभी की निगाहें इस बात पर है कि जिस साठा चौरासी में बसपा उम्मीदवार ठाकुर वोट पर फोकस कर रहे हैं उसी साठा चौरासी में बसपा के डीएम का भी जनाधार है। यहां से बसपा के असलम चौधरी विधायक रहे हैं। लिहाजा ऐसे में अब ये अनुमान लगाया जाना है कि यहां डीएम यानी दलित मुस्लिम समीकरण हाथी को कितना माइलेज देगा। मुरादनगर से लेकर लोनी तक डीएम समीकरण क्या हाथी के पक्ष में जायेगा या इस बार डीएम का फोकस हाथ की तरफ हो जायेगा।

फिलहाल बसपा ठाकुर कार्ड के साथ आई है और उसका उम्मीदवार भी दूसरे जिले से आया है। बसपा यहां अपने वोट प्रतिशत की ताकत का एहसास कराना चाहती है। बसपा को इस चुनावी रण में कमजोर नहीं आंका जा सकता है लेकिन ये इस पर निर्भर करता है कि उसके कैडर वोट को ठाकुर बेल्ट में कितनी सपोर्ट मिलती है। चुनाव अभी कई दौर से गुजरेगा और जिस ठाकुर बैल्ट में बसपा पुण्डीर फोकस कर रहे हैं यहां पर योगी आदित्यनाथ की भी जनसभा होनी है और भाजपा अपने कई मजबूत ठाकुर चेहरों को यहां प्रचार के लिए ला सकती है। बसपा के डीएम समीकरण का कितना माईलेज मिलना है ये भी अभी देखा जाना है।

### आकाश आकर चले गये और मायावती का आना अभी है बाकी



करंट क्राइम। बसपा के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर आकाश आनंद गाजियाबाद में आये और कार्यकर्ता सम्मेलन में चुनावी मंत्र देकर गये। अभी बसपा के चुनावी रण का मास्टर स्ट्रोक अभी बाकी है। अभी बसपा सुप्रीमो मायावती का आना बाकी है। मायावती की चुनावी जनसभा के बाद ये तय होगा कि नीला जनसैलाब किधर जायेगा। यहां पर डीएम के साथ ठाकुर वोटों की जुगलबंदी को लेकर हाथी आशावान तो है लेकिन ये उसे कितना माईलेज देगी अभी ये राज बाकी है। अभी बसपा सुप्रीमो की सभा के बाद ये रूख स्पष्ट होगा कि किसके साथ भीड़ है और कौन अपने वोट बैंक को लेकर डीएम फैक्टर से मजबूती ले पायेगा। फिलहाल अभी चुनाव समर शेष है और इसमें नए राजनीतिक समीकरण भी देखने को मिल सकते हैं।

### साठा चौरासी का कितना मिलेगा सपोर्ट और डीएम समीकरण रहेगा कितना मददगार

# ...तो क्या अनिल सांवरिया ने इसलिए नहीं हटवाया था कथा के बाद पंडाल

## शायद प्रभु भी जानते थे होने वाला है अतुल गर्ग के चुनाव के लिए इस पंडाल का इस्तेमाल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कुछ घटनाएं कभी कभी अचानक से हो जाती हैं लेकिन वो सबको हैरान कर देती है। कुछ घटनाओं का किस्मत कनैक्शन ऐसा होता है कि उसके तार इलैक्शन से जुड़ जाते हैं। गाजियाबाद में भी एक घटना ऐसी हुई कि अब सब जगह इसकी चर्चा है और कहने वाले ये कह रहे हैं कि शायद भाजपा नेता अनिल अग्रवाल को प्रभु ने पहले से ही ये संकेत दे दिये थे कि जो पंडाल तुम लगा रहे हो उसका इस्तेमाल अतुल गर्ग के चुनावी सभा के लिए होगा।

उसका इस्तेमाल अतुल गर्ग के नामांकन के लिए होगा। घटना इतनी रोचक है कि इसके तार जुड़ रहे हैं और अनिल अग्रवाल सांवरिया बार-बार ये कह रहे हैं कि सरकार ये प्रभु की कृपा है और इसमें मेरा कोई भी रोल नहीं है। प्रभु अपना काम जिससे कराना होता है उससे करा लेते हैं। घटना रोचक है और वो ये है कि भाजपा नेता अनिल अग्रवाल ने गाजियाबाद में 8 मार्च से 14 मार्च तक कथावाचिका जया किशोरी द्वारा कथा आयोजन कराया था। इसके लिए अनिल अग्रवाल सांवरिया और उनके साथियों ने घंटाघर रामलीला मैदान में एक भव्य पंडाल बनवाया था। इस पंडाल में हजारों लोग आराम से बैठ सकते हैं और इसका निर्माण इस तरीके से कराया गया था कि पब्लिक कितनी भी आ जाये, अव्यवस्था नहीं फैलेगी। उस समय तक ये अंदाज नहीं था कि अतुल गर्ग गाजियाबाद से लोकसभा उम्मीदवार हो सकते हैं। यहां कथा का आयोजन चल रहा था और स्वयं जनरल वीके सिंह भी उस कथा में आये थे। कथा का समापन 14 मार्च को हुआ और उसके बाद यहां एक अन्य भजन गायक का कार्यक्रम हुआ और फिर ये संयोग रहा कि ये भव्य पंडाल मैदान से हटाया नहीं गया। कारण राजनीतिक नहीं था कारण सामाजिक भी नहीं था और किसी को ये अंदाजा भी नहीं था कि इस पंडाल का उपयोग नामांकन सभा के लिए होगा। ये पंडाल ऐसे ही लगा रहा और 24 मार्च को शहर विधायक अतुल गर्ग का टिकट लोकसभा उम्मीदवार के रूप में घोषित हो गया। जब अतुल गर्ग के नामांकन जुलुस से पहले केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां जनसभा को सम्बोधित करने पहुंचे तो एक बार ये लगा कि मानों पूरा इंतजाम स्वयं प्रभु ने किया है। टिकट घोषित होने से भी कई दिन पहले मैदान में भूमि पूजन हो गया। मैदान में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हो गया। मैदान में कन्हैया मित्तल के भजनों का भी संगम हो गया और फिर पंडाल लगा रहा और इसे एक चमत्कार कह सकते हैं कि धार्मिक रीति रिवाजों के साथ पावन इस पंडाल से भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग नामांकन करने के लिए निकले।





अब सब इस बात की चर्चा कर रहे हैं कि अनिल अग्रवाल सावंरिया को शायद पहले से पता था कि भाजपा उम्मीदवार का नामांकन जुलुस यहीं से निकलेगा। यहीं से अतुल गर्ग नामांकन पत्र दाखिल करने जायेंगे। अब ये एक सुंदर संयोग बना है कि पहले भव्य पंडाल लगा, फिर पावन कथा हुई और फिर भजन कीर्तन हुए और आमतौर पर जो पंडाल हट जाना चाहिए था वो पंडाल कई दिन लगा रहा और कहानी में मोड़ तब आ गया जब पंडाल का इस्तेमाल भाजपा उम्मीदवार के नामांकन के लिए हुआ।

शहर वाले ही इस बात की चर्चा कर रहे हैं कि क्या इसीलिए अनिल अग्रवाल सावंरिया ने यह पंडाल नहीं हटवाया था।

### मानव केवल माध्यम बनता है कृपा तो प्रभु जी करते हैं : अनिल अग्रवाल सांवरिया



करंट क्राइम। एक अद्भुत संयोग शहर में हुआ है और ऐसा संयोग कि हर कोई अपने हिसाब से इसका योग लगा रहा है। किसी की भी समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर ये प्रभु कृपा है या चुनावी हवा है लेकिन जो कुछ भी हुआ है वो आध्यात्मिक धार्मिक चमत्कार है। लोग कह रहे हैं कि अनिल अग्रवाल सावंरिया शायद पहले से जानते थे। लेकिन अनिल अग्रवाल सावंरिया का कहना है कि मानव केवल माध्यम बनता है कृपा तो प्रभु करते हैं। उन्होंने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि मुझे स्वयं भी नहीं मालूम था और मेरा यही मानना है कि प्रभु अपना काम स्वयं कराते हैं। अब कारण जो भी रहे हों लेकिन ये हैरानी की बात है कि पंडाल इतने दिन तक लगा रहा और टिका भी रहा। मैं खुद महसूस करता हूं कि जैसे प्रभु ने स्वयं अतुल गर्ग के नामांकन के लिए ही अपने आप यह पूरी तैयारी करायी थी। प्रभु का काम था और उन्होंने कराया।

## संपादकीय

# केजरीवाल की जवाबदेही तो बनती ही है

आप नेता संजय सिंह की जमानत के बाद माना जा रहा था कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी जेल से बाहर आ जाएंगे मगर दिल्ली उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका खारिज कर दी। न्यायालय ने स्पष्ट कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय की गिरफ्तारी गलत नहीं है। हवाला के जरिए गोवा विधानसभा चुनाव के लिए भेजे गए पैसों का सीधा संबंध बेशक अरविंद केजरीवाल से न हो, पर पार्टी का संयोजक होने के नाते उनकी जवाबदेही बनती है।

दरअसल, अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत और अपनी गिरफ्तारी को अदालत में चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने शुरू में ही यह बात स्पष्ट भी कर दी थी कि चूंकि याचिका जमानत के लिए नहीं, बल्कि गिरफ्तारी के खिलाफ लगाई गई है, इसलिए सुनवाई उसी पर होगी। अदालत ने केजरीवाल की तरफ से पेश तमाम दलीलों को बिंदुवार खारिज करते हुए गिरफ्तारी को उचित ठहराया। यानी अभी केजरीवाल को सलाखों के पीछे रहना पड़ेगा। जाहिर है, यह आम आदमी पार्टी के लिए बड़ा झटका है। पर कहा जा रहा है कि पार्टी इस मामले की अपील सर्वोच्च न्यायालय में करेगी। वहां भी उसकी इन दलीलों को कितना वाजिब माना जाएगा, कहना मुश्किल है।

दरअसल, अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए गिरफ्तार किया गया, इसलिए संवैधानिक तकाजे की दुहाई देते हुए दलील दी जा रही है कि इस तरह एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। फिर यह भी तर्क दिया जा रहा है कि चूंकि कथित शराब घोटाले में पैसे के लेनदेन का कोई तार अरविंद केजरीवाल से जुड़ा नहीं पाया गया है, इसलिए प्रवर्तन निदेशालय की गिरफ्तारी गलत है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया कि पार्टी का मुखिया होने के नाते उनकी भी जवाबदेही बनती है। अगर आम आदमी सर्वोच्च न्यायालय में जाएगी, तो वहां भी उसे उच्च न्यायालय के इस फैसले को गलत साबित करना मुश्किल हो सकता है। अगर केजरीवाल अपनी जमानत की याचिका लगाते हैं, तब सर्वोच्च न्यायालय का रुख सकारात्मक रहने की उम्मीद की जा सकती है मगर आम आदमी पार्टी यह साबित करने पर तुली हुई है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी ही गलत है। अगर उच्च न्यायालय यह दलील मान लेता, तो कथित शराब घोटाले का सारा मामला ही कमजोर हो जाता। इस तरह दूसरे लोगों की गिरफ्तारी भी अवैध साबित हो जाती। केजरीवाल और उनकी पार्टी के लोगों को यह कहने का एक आधार मिल गया है कि जिस व्यक्ति को इसी मामले में पहले गिरफ्तार किया गया, उसे मुख्य साजिशकर्ता बताया गया, बाद में उसी ने केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी को भारी रकम चंदे के रूप में दे दी और फिर सरकारी गवाह बन गया तो उसे छोड़ दिया गया।

यहां अदालत ने स्पष्ट कहा है कि यह मामला दिल्ली सरकार बनाम केंद्र सरकार नहीं, बल्कि केजरीवाल बनाम प्रवर्तन निदेशालय है। यह ठीक है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय को लेकर सवाल उठ रहे हैं, मगर इससे शराब घोटाले की गंभीरता कम नहीं हो जाती।

# सैंटियागो मार्टिन के खिलाफ विशेष अदालत में चल रही कार्यवाही पर स्टे



**नई दिल्ली।** मार्टिन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य सोंधी और वकील रोहिणी मूसा ने कहा कि विशेष अदालत को यह विचार करना चाहिए था कि धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) मामले में सुनवाई पहले से जारी मामले में ट्रायल पूरी होने के बाद ही शुरू हो सकती है। उच्चतम न्यायालय ने लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के खिलाफ धन शोधन के एक मामले में विशेष अदालत में चल रही कार्यवाही पर बुधवार को स्टे लगा दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने केरल के एनार्कुलम में एक विशेष पीएमएलए अदालत के 16 मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली मार्टिन की याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धन शोधन मामले में सुनवाई स्थगित रखने की उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। मार्टिन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य सोंधी और वकील रोहिणी मूसा ने कहा कि विशेष अदालत को यह विचार करना चाहिए था कि धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) मामले में सुनवाई पहले से जारी मामले में ट्रायल पूरी होने के बाद ही शुरू हो सकती है।

विशेष अदालत ने 16 मार्च को मार्टिन की उस याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें उन्होंने ईडी के मामले में कथित लॉटरी घोटाले से जुड़े केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मामले में ट्रायल पूरी होने तक सुनवाई स्थगित रखने का अनुरोध किया था। मार्टिन ने शीर्ष अदालत के समक्ष अपनी याचिका में कहा कि सीबीआई द्वारा दायर आरोप पत्र एक पहले से निपट चुके मामले में है, जिसके आधार पर ईडी ने उनके और अन्य के खिलाफ धन शोधन का मामला दर्ज किया है।

विजय मदनलाल चौधरी मामले में 2022 के फैसले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पीएमएलए के तहत कार्यवाही एक बार मामले में बरी होने या आरोप मुक्त होने के बाद जारी नहीं रखी जा सकती है।

## सीमेंट की कीमत बढ़ने से सस्ते मकानों की घट सकती है मांग, इन्फ्रा प्रोजेक्ट भी होंगे प्रभावित



**नई दिल्ली।** देशभर में सीमेंट की कीमतें बढ़ने से किफायती यानी सस्ते मकानों के निर्माण में बाधा आ सकती है। साथ ही, ग्राहकों को आवासीय संपत्तियां खरीदने के लिए ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। इससे मकानों की बिक्री पर असर पड़ने की आशंका है। रियल एस्टेट उद्योग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि किफायती मकानों के निर्माण में पहले से ही धीमापन है। अब सीमेंट के दाम बढ़ने से खुदरा ग्राहकों की खरीदारी, बड़े पैमाने पर निर्माण परियोजनाएं और बुनियादी ढांचा प्रोजेक्ट प्रभावित हो सकते हैं। आने वाले समय में इसका असर रियल एस्टेट उद्योग पर दिखेगा। सीमेंट की कीमतें पिछले सप्ताह उत्तरी भारत में 10-15 रुपये, मध्य भारत में 30-40 रुपये और पश्चिमी भारत में 20 रुपये प्रति बोरी की दर से बढ़ी हैं। उद्योग के मुताबिक, कमजोर मांग से पिछले पांच महीने में सीमेंट की कीमतें घटीं थीं। नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नरेडको) के चेयरमैन निरंजन हीरानंदानी ने कहा, सस्ते मकानों की मांग पहले से ही कमजोर है। सीमेंट के दाम बढ़ने से यह लोगों की पहुंच से बाहर हो जाएगा। अन्य लागतें भी बढ़ जाएंगी। सीमेंट की कीमतें बढ़ने से बिल्डरों को अपने बजट का पुनर्मूल्यांकन करने की जरूरत पड़ सकती है क्योंकि दाम बढ़ने से निर्माण लागत पर 4 से 5 रुपये का असर पड़ता है। ऐसे में वे अपने प्रोजेक्ट की संभावित कीमत में इसे जोड़ सकते हैं। भारत दुनिया में सीमेंट का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक भारत दुनिया में सीमेंट का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। वैश्विक स्थापित क्षमता में इसका हिस्सा 8 फीसदी से अधिक है।

## भारतीय संस्थापकों ने देश से ज्यादा देश के बाहर बनाए 'यूनिकॉर्न'



**नई दिल्ली।** स्टार्टअप में निवेश पर रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2024 में नए यूनिकॉर्न निवेश में मंदी देखी गई है, खासकर 2021 के सुनहरे दिनों की तुलना में क्योंकि हाल के वर्षों में निवेशकों के लिए निवेश के बाद बाहर निकलना कठिन हो गया है। 2000 के दशक में स्थापित दुनिया के स्टार्ट-अप की रैंकिंग ग्लोबल यूनिकॉर्न इंडेक्स 2024 के अनुसार, भारतीयों ने किसी भी अन्य देश की तुलना में देश के बाद अधिक यूनिकॉर्न की स्थापना की है। भारतीयों ने भारत के बाहर 109 यूनिकॉर्न की सह-स्थापना की है, जबकि भारत में 67 यूनिकॉर्न हैं। यूनिकॉर्न मूल रूप से कम से कम एक अरब डॉलर या उससे अधिक के स्टार्टअप हैं और अभी तक सार्वजनिक एक्सचेंज में सूचीबद्ध नहीं हैं।

हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट के अनुसार, भारत को 67 यूनिकॉर्न के साथ विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर रखा गया है। इनमें ऑन-डिमांड डिलीवरी स्टार्ट-अप स्विगी और फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म ड्रीम 11 शीर्ष पर हैं और इनका वैल्यूएशन आठ-आठ अरब अमरीकी डॉलर है। इसके बाद रेजरपे का नंबर आता है जिसकी मार्केट वैल्यू 7.5 अरब अमरीकी डॉलर है। रिपोर्ट में कहा गया है, भारतीय संस्थापकों ने किसी भी अन्य देश की तुलना में देश के बाद अधिक यूनिकॉर्न की स्थापना की। भारत के बाहर 109 यूनिकॉर्न की सह-स्थापना की गई, जबकि भारत में 67 यूनिकॉर्न बने। इंडेक्स के अनुसार भारत के बाहर स्थापित यूनिकॉर्न में से उल्लेखनीय रूप से 95 अमेरिका में हैं। वहीं, ब्रिटेन में चार, सिंगापुर में तीन और जर्मनी में दो यूनिकॉर्न स्थापित किए गए हैं।

अमेरिका और चीन के बाद यूनिकॉर्न के लिए सबसे सक्रिय शहर लंदन रहा, इसके बाद बेंगलुरु, पेरिस और बर्लिन का नंबर है। रिपोर्ट के अनुसार, टाइगर ग्लोबल, सॉफ्टबैंक और होंगशान के नेतृत्व में दुनिया के सबसे सफल यूनिकॉर्न निवेशकों ने स्टार्टअप और रणनीतिक निवेश के बीच सहजीवी (एक दूसरे पर निर्भर) संबंधों पर प्रकाश डाला। स्टार्टअप में निवेश पर रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2024 में नए यूनिकॉर्न निवेश में मंदी देखी गई है, खासकर 2021 के सुनहरे दिनों की तुलना में क्योंकि हाल के वर्षों में निवेशकों के लिए निवेश के बाद बाहर निकलना कठिन हो गया है। अमेरिका, भारत और ब्रिटेन में रिकॉर्ड तोड़ने वाले शेयर बाजारों में पर्याप्त यूनिकॉर्न आईपीओ नहीं आए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के यूनिकॉर्न की यह सूची व्यक्तियों को नए क्षेत्रों में मूल्य सृजन करने और देशों और शहरों को उनकी भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए यूनिकॉर्न के महत्व को पहचानने के लिए प्रेरित कर सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है, हां, कुछ असफल हो जाएंगे, और जब ऐसा होता है तो पर बड़े पैमाने पर मीडिया का ध्यान उस पर जाता है, जैसा कि भारत में ऑनलाइन शिक्षा प्लेटफॉर्म बायजू के मामले में मीडिया हाइप दिख रही है। पर इसके बावजूद यूनिकॉर्न को नई अर्थव्यवस्था के लिए स्वाभाविक रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सियासत में वो लोग बड़े होते हैं जो अपने साथियों को परिवार की तरह साथ लेकर चलते हैं। बीजेपी किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पंकज भारद्वाज ने मोर्चा के महानगर मंत्री ललित सिंगोते के पुत्र विद्धार्थ के प्रथम जन्मदिन पर उसके लिए सभी का आशीर्वाद मांगा। स्पेशल विश के साथ जन्मदिन पर विद्धार्थ को ढेरों आशीर्वाद शुभाशीष प्रदान किया।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीचर- इतने दिन कहां थे, स्कूल क्यों नहीं आए?
गोलू- बर्ड फ्लू हो गया था मैम।
टीचर- पर ये तो पक्षियों को होता है इंसानों को नहीं।
गोलू- इंसान समझा ही कहां आपने...रोज तो मुर्गा बना देती हो..!!

---

ये वो दौर है जनाब
जहां इंसान गिर जाये तो
हँसी निकल जाती है
और मोबाईल गिर जाये तो
जान निकल जाती है

---

दो लड़कियां बस में सीट के लिए लड़ रही थीं
कंडक्टर- अरे क्यों लड़ रही हो,
जो उम्र में सबसे बड़ी है वो बैठ जाए
फिर क्या, पूरे रास्ते दोनों खड़ी ही रहीं

---

महिला- डॉक्टर साहब, मेरे पति नींद में बातें करने लगे हैं! क्या करूँ?
डॉक्टर- उन्हें दिन में बोलने का मौका दीजिए!

## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि पृथ्वी को धूल का एक कण माना जाए तो सूर्य का आकार संतरे के बराबर होगा।
- यदि पृथ्वी को धूल का एक कण माना जाए तो सूर्य का आकार संतरे के बराबर होगा।
- आपकों शायद ही पता होगा कि, सुबह सूर्य की रोशनी में समय बिताने से र३१ी२२ और ऊस्र१ी२२ङ्कल्ल कम होता है।
- आपको जानकर बेहद ही हैरानी होगी कि आइसलैंड में कुत्ता पालना कानूनन अपराध है।
- बता दें कि, भारत में सबसे पहले सूर्योदय अरुणाचल प्रदेश में होता है।
- यदि कोई व्यक्ति जीवन भर दाढ़ी नहीं बनवाता तो उसकी दाढ़ी की लंबाई 13 फीट तक हो सकती है।
- अंतरिक्ष यात्री के लिए इस्तेमाल होने वाले एक स्पेस सूट की कीमत 83 करोड़ रुपए होती है।
- दोस्तों क्या आप जानते हैं कि, सिंगापुर देश का निर्माण हिन्दू वास्तुकला के अनुसार हुआ है।
- घोड़ा खड़ा होकर और खरगोश आँखे खोलकर सोता है।

## सौंदर्य-कार उत्पादन से जुड़ी कंपनियां जलवायु परिवर्तन रोकने में नहीं कर रहीं सहयोग



**नई दिल्ली।** रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कॉरपोरेट सेक्टर से कार्बन क्रेडिट (कार्बन डाइऑक्साइड या अन्य ग्रीनहाउस गैसों को छोड़ने की अनुमति) के जरिये जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने में लचीलेपन की मांग बढ़ रही है। फैशन और शीर्ष सौंदर्य ब्रांड वाली कंपनियां जलवायु परिवर्तन को रोकने में सहयोग नहीं कर रही हैं। गैर-लाभकारी शोध समूह न्यूक्लाइमेट इंस्टिट्यूट और ह्यकार्बन मार्किट वॉच ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि ये कंपनियां जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए आवश्यक गति से अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम नहीं कर रही हैं। कई कंपनियां तो निरंतरता को बढ़ावा देने के अपने वादों को बढ़ा चढ़ा कर बता रही हैं। एचएंडएम, नेस्ले और टोयोटा जैसी जानी-मानी कंपनियां इस सूची में शामिल हैं। कुल 51 कंपनियां 2022 में 16 फीसदी वैश्विक उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2015 के पेरिस समझौते के तहत वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोक कर रखने में इनकी कोशिशें गंभीर रूप से अपर्याप्त हैं। हालांकि, 2030 के जलवायु संकल्पों को लेकर कंपनियों की सामूहिक महत्वाकांक्षा में पिछले दो सालों में धीरे-धीरे सुधार हुआ है। अधिकांश कंपनियां अभी भी उत्सर्जन में उतनी कमी नहीं कर पा रही हैं जितनी जरूरत है। वैश्विक उत्सर्जन को 2030 तक 43 प्रतिशत घटाने की जरूरत होगी




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ाजी ाएस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# नवरात्रि के तीसरे दिन मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु
# आज मां चंद्रघंटा की पूजा

दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।




**नवरात्रि माता भगवती की साधना का श्रेष्ठ समय होता है। नवरात्रि के नौ दिनों में पांच ज्ञान इन्द्रियां, पांच कर्म इन्द्रियां और एक मन इन ग्यारह को जो संचालित करती हैं वही परम शक्ति हैं जो जीवात्मा, परमात्मा, भूताकाश, चित्ताकाश और चिदाकाश में सर्वव्यापी है इनकी श्रद्धाभाव से आराधना की जाए तो चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति होती है मां दुर्गाजी की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है, नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन-अर्चना किया जाता है।**

## साधक में आ जाते हैं ये गुण

मां चंद्रघंटा के भक्त और उपासक जहां भी जाते हैं लोग उन्हें देखकर शांति का अनुभव करते हैं। ऐसे साधक के शरीर से दिव्य प्रकाश युक्त परमाणुओं का अदृश्य विकिरण होता है। यह दिव्य क्रिया साधारण चक्षुओं से दिखायी नहीं देती, किन्तु साधक व उसके संपर्क में आने वाले लोग इस बात का अनुभव करते हैं। इनकी आराधना से प्राप्त होने वाला एक बहुत बड़ा सद्गुण यह भी है कि साधक में वीरता-निर्भयता के साथ ही सौम्यता एवं विनम्रता का भी विकास होता हैं। उसके मुख, नेत्र तथा सम्पूर्ण काया में कांति वृद्धि होती है एवं स्वर में दिव्य-अलौकिक माधुर्य का समावेश हो जाता है।





देवी का यह स्वरूप परम शान्तिदायक और कल्याणकारी हैं। बाघ पर सवार मं चंद्रघंटा के शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनके मस्तक में घंटे के आकार का अर्धचंद्र विराजमान हैं, इसलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। दस भुजाओं वाली देवी के हर हाथ में अलग-अलग शस्त्र विभूषित हैं। इनके गले में सफेद फूलों की माला सुशोभित रहती हैं इनकी मुद्रा युद्ध के लिए उद्धत रहने वाली होती है। इनके घंटे की सी भयानक ध्वनि से अत्याचारी दानव-दैत्य-राक्षस सदैव प्रकम्पित रहते हैं। दुष्टों का दमन और विनाश करने में सदैव तत्पर रहने के बाद भी इनका स्वरूप दर्शक और आराधक के लिए अत्यंत सौम्यता और शाति से परिपूर्ण रहता है। अतः भक्तों के कष्टों का निवारण ये शीघ्र ही कर देती हैं इनके घंटे की ध्वनि सदा अपने भक्तों की प्रेत-बाधादि से रक्षा करती है। इनका ध्यान करते ही शरणागत की रक्षा के लिए इस घंटे की ध्वनि निनादित हो उठती है।

### स्तुति मंत्र

"या देवी सर्वभूतेषु मां चंद्रघंटा रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमो नमः।"
पिंडजप्रवरारूढा, चंडकोपास्त्रकैयुर्ता।
प्रसादं तनुते मह्यं, चंद्रघंटेति विश्रुता।।

### उपासना से मिलता है ये फल

इनकी आराधना से साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और संपन्न होने का वरदान प्राप्त होता हैं। मां चंद्रघंटा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएं नष्ट हो जाती हैं। इनका वाहन सिंह है अतः इनका उपासक सिंह की तरह पराक्रमी और निर्भय हो जाता है।

### ऐसे लोगों को करनी चाहिए मां आराधना

विशेष रूप से ऐसे लोग जिनको बहुत क्रोध आता हो या फिर छोटी-छोटी बातों से विचलित हो जाने और तनाव लेने वाले तथा पित्त प्रकृति के लोग मां चंद्रघंटा की भक्ति करें।

### पूजाविधि

मां को शुद्ध जल और पंचामृत से स्नान कराएं। अलग-अलग तरह के फूल, अक्षत, कुमकुम, सिन्दूर, अर्पित करें। केसर-दूध से बनी मिठाइयों या खीर का भोग लगाएं। मां को सफेद कमल, लाल गुडहल और गुलाब की माला अर्पण करें और प्रार्थना करते हुए मंत्र जप करें।

### ऐसा है तीसरा स्वरूप

नवदुर्गा के नौ स्वरूपों में तीसरे दिन मां चंद्रघंटा देवी की पूजा होती है। यह शक्ति माता का शिवदूती स्वरूप है। चंद्रघंटा देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। जिससे इनका मुख चंद्र के सामान प्रकाशमान होता रहता है। माता चंद्रघंटा ने असुरों के साथ युद्ध में घंटे की टंकार से ही उनका नाश कर दिया था। सिंह पर सवार मां दुर्गा अपने इस तीसरे स्वरूप में दस हाथों से शोभायमान होती हैं। इ

### ऐसे करें मां की पूजा

इस दिन चंद्रघंटा देवी के इस मंत्र का जाप करना चाहिए। मां की विधि विधान से पूजा अर्चना करनी चाहिए। सबसे पहले मां का साज श्रृंगार करना चाहिए। इसके बाद जल, पुष्प, दुर्वा, अक्षत, गुलाब, लौंग कपूर से मां की पूजा करना चाहिए। इसके अलावा सुबह-शाम आरती करनी चाहिए और मां को खीर, हलवा या फिर किसी मिठाई से भोग लगाना चाहिए।



### खुशियों का आगमन

मान्यता है की नवरात्र में माता रानी भक्तों द्वारा की जाने वाली पूजा प्रत्यक्ष रूप से स्वीकार करती हैं। मां की आराधना से भक्तों को विशेष कृपा मिलती है। तीसरे दिन चंद्रघंटा देवी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। देवी मां के इस स्वरूप के दर्शन मात्र से ही भक्तों को वीरता और निर्भयता का अहसास होने लगता है। इसके साथ ही कल्याणकारी देवी जीवन में कष्टों से मुक्ति दिलाती हैं। जीवन में खुशियों का आगमन होता है।



### मां चंद्रघंटा की आरती



जय मां चंद्रघंटा सुख धाम।
पूर्ण कीजो मेरे सभी काम।

चंद्र समान तुम शीतल दाती।
चंद्र तेज किरणों में समाती।

क्रोध को शांत करने वाली।
मीठे बोल सिखाने वाली।

मन की मालक मन भाती हो।
चंद्र घंटा तुम वरदाती हो।

सुंदर भाव को लाने वाली।
हर संकट मे बचाने वाली।

हर बुधवार जो तुझे ध्याये।
श्रद्धा सहित जो विनय सुनाएं।

मूर्ति चंद्र आकार बनाएं।
सन्मुख घी की ज्योत जलाएं।

शीश झुका कहे मन की बाता।
पूर्ण आस करो जगदाता।

कांची पुर स्थान तुम्हारा।
करनाटिका में मान तुम्हारा।

नाम तेरा रटू महारानी।
भक्त की रक्षा करो भवानी।




# महामाया देवी मेले में अतिरिक्त सफाईकर्मी किये तैनात

## लापरवाही नही होगी बर्दाश्त: विनोद जाटव उर्फ वैशाली



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** महामाया देवी सीकरी मंदिर में इस वर्ष देवी मेले का आयोजन चुनाव आंचार सहिता के कारण नहीं किया जा रहा है, लेकिन श्रद्धालुओं को महामाया देवी के दर्शन व प्रसाद चढ़ाये जाने पर किसी तरह का कोई प्रतिबंध नहीं है। मंदिर में प्रतिदिन साफ सफाई व सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद है।

नगर पालिका अध्यक्ष विनोद जाटव उर्फ वैशाली ने बताया कि नवरात्र शुरू होने से पूर्व ही उनके द्वारा महामाया देवी मंदिर में पालिका कर्मचारियों के सहयोग से श्रद्धालुओं के आवागमन को लेकर चारों मार्गो पर बिजली व्यवस्था का पूर्णतया दुरूस्त कर दी गई है। इसके साथ ही सफाई कमीर्यों की तैनाती की गई है व स्वच्छ जल की आपूर्ति का बंदोबस्त किया गया है ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को इस भीषण गर्मी में स्वच्छ जल की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

विभिन्न स्थानों पर पानी के टैंकर की व्यवस्था है। विनोद जाटव उर्फ वैशाली ने बताया कि गांव सीकरीखुर्द के ऐतिहासिक देवी मंदिर के आसपास के शौचालयोंको दुरूस्त करा दिया गया है। रजवाहा पटरी मार्ग से लेकर मानकी से तिबड़ा मार्ग पर पालिका की ओर से प्रकाश की समुचित व्यवस्था करायी गयी है। वाहनों के आवागमन को देखते हुए पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। इस बार मेले का आयोजन न होने के कारण उन्होंने पालिका के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नवरात्र पर्व पर श्रद्धालुओं के लिये हर व्यवस्था पर फोकस रखने को कहा है, जिससे किसी भी श्रद्धालु को परेशानी का सामना न करना पड़े।

इतना ही नही पालिकाध्यक्ष स्वयं भी सभी व्यवस्थाओं का प्रतिदिन मंदिर पहुंचकर जायजा ले रहे हैं।

# दूसरे दिन माता भगवती के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा अर्चना



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** नवरात्रि पर्व के दूसरे दिन माता भगवती के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा-अर्चना की गई। पंड़ित उदय चन्द्र शास्त्री ने बताया कि भगवान शिव से विवाह हेतु प्रतिज्ञाबद्ध होने के कारण ये ब्रह्मचारिणी कहलाईं। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या व चारिणी यानी आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी माता आयु को बढ़ाने वाली, स्मरण शक्ति को बढ़ाने वाली, रूधिर विकारों का नाश करने के साथ-साथ स्वर को मधुर करने वाली हैं। ब्राह्मी को सरस्वती भी कहा जाता है, क्योंकि यह मन एवं मस्तिष्क में शक्ति प्रदान करती हैं यह वायु विकार और मूत्र संबंधी रोगों की प्रमुख दवा है। महामाया देवी मंदिर में दूसरे दिन भारी भीड़ रही और श्रद्धालुओं ने कतार में माता भगवती के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा-अर्चना की। दूसरे दिन पुलिस व प्रशासन के आलाधिकारियों ने महामाया देवी मंदिर की व्यवस्थाओं को जायजा लिया।




## खास दफ्तर से क्यों लाइन भेजे गए थ्री और टू-स्टार




पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में एक खास कार्यालय से एक थ्री और टू-स्टार के लाइन भेजे जाने की चर्चा इन दिनों कमिश्नरेट सिस्टम में जमकर हो रही है। पुलिस के खुफिया सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि कई दिन पहले कार्यालय में मामला टाइट हुआ और शाम को दो पुलिसकर्मियों के आर्डर टाइप हो गए। खास ऑफिस से सीधे उनको लाइन भेजा गया है। इसमें एक वह थ्री- स्टार हैं जो पिछले लगभग सवा साल से खास कार्यालय और अधिकारी के साथ रात्रि कालीन ड्यूटी दे रहे थे। तो वहीं दूसरे टू-स्टार ऐसे हैं जिनको देहात वाली चौकी से पहले कार्यालय बुलाया गया और फिर कुछ दिन बाद लाइन भेज दिया गया। अब अंदर का मामला क्या है, यह अभी ओपन नहीं हुआ है लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि मामला किसी किसी गलती से जुड़ा हो सकता है। सुनने में आ रहा है कि जिस कार्यालय में थोड़ा सा भी मामला बिगड़ते ही बात बिगड़ जाती है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि हालांकि लाइन हाजिर वाला आदेश अभी सार्वजनिक नहीं हुआ है लेकिन विभाग में उसकी चर्चा जमकर हो रही है। सूत्र तो बता रहे हैं कि जिस थ्री-स्टार से जुड़ा मामला है, वह बीते दिनों को प्रधानमंत्री की रैली के दौरान पूरे एक्शन मोड में था। उन्होंने पुलिस लाइन में आया नए वाले हेडफोन को भी लगा रखा था। साथ ही वह आगे बढ़कर काम भी देख रहे थे। अब ऐसा क्या हुआ यह तो अभी सस्पेंस बना हुआ है लेकिन जिस तरीके से खास कार्यालय में एक साथ दो विकेट गिरे हैं, उसकी चर्चा जमकर हो रही है। बताया जा रहा है थ्री-स्टार ने इस कार्यालय में लंबा समय गुजारा है और रात की ड्यूटी के वह स्पेशल हो चुके थे। वहीं नए वाले टू- स्टार का मामला क्यों डिरेल हुआ है इसकी चर्चा भी लाइन में हो रही है। देखना होगा कि जिस बैच से जुड़े टू-स्टार पर कार्रवाई हुई है वहां से क्या फीडबैक मिलता है। वहीं सुनने में आया है कि जिस तरह की कार्रवाई नदियापार और देहात में हुई है क्या ऐसे मामले सिटी जोन में अधिकारियों को नजर नहीं आ रहे हैं या उनको बचाया जा रहा है। वैसे सुनने में तो यह भी आ रहा है कि खास कार्यालय और चुनाव वाली सेल के लिए भी अभी कुछ और सूचनाएं ड्यूटी हटाने के संबंध में सुनने को मिलेगी। इसी के साथ सूत्र बता रहे हैं कि 26 अप्रैल तक टेंशन वाला सीन कम होता नहीं दिख रहा है।

# पहल एक प्रयास शहर को बना रही प्रदूषणमुक्त डॉ0 सरिता त्यागी ने शुरू किया अभियान



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पहल एक प्रयास नामक सामाजिक संस्था की संरक्षक वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता त्यागी ने कहा कि शहर को प्रदूषणमुक्त करने के लिये हरसंभव प्रयास करती रहेंगी।

इसी क्रम में उन्होंने बताया कि वह मोदीनगर को प्रदूषण एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए संस्था की ओर से कृत संकल्पि हैं। उन्होंने संस्था के बैनर तले एक अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान का उद्देश्य शहर को प्लास्टिक व प्रदूषणमुक्त बनाना है। अभियान के तहत दो लीटर की खाली पांच बोतलों के बदले दो पौधे और 10 खाली बोतलों के बदले आप एक बोगनवेलिया और दो पौधे एकत्रित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि बोतल छोटी है तो आपको संख्या बढ़ानी होगी। उनका कहना है कि अपने शहर से प्लास्टिक को कम करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने अपील की कि सभी छात्रों, शिक्षकों और मोदीनगर के नागरिकों से मदद की जरूरत है। कृपया इसे प्रियदर्शी पार्किंग क्षेत्र में अपना फोन नंबर सहित सही पता लिखकर आप भेज सकते हैं। इसके बदले आपका उपहार उसी दिन या जब संस्था रविवार को पूरी टीम के साथ वृक्षारोपण करती है या पहल का कोई भी सदस्य आपके उपहार के साथ आपके घर आ सकता है। डॉ0 सरिता त्यागी ने बताया कि प्रत्येक रविवार के दिन संगठन की पूरी टीम नगर को हरा भरा बनाए रखने के लिए एक साथ मिलकर नगर में वृक्षारोपण करने का कार्य वर्षों से करती चली आ रही है।

उनका यह एक छोटा सा प्रयास है। उन्होंने कहा कि अगर लोगों ने सहयोग किया तो जल्द ही शहर प्रदूषण व प्लास्टिक मुक्त हो जायेंगा। इसके लिये संस्था के दर्जनों की संख्या में वॉलियंटर भी इस सामाजिक कार्य में सहयोग कर रहे है। इतना ही नही डॉ0 सरिता त्यागी के पति व शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ0 सतीश त्यागी भी इस अभियान को गति देने में अग्रणी है उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह इस अभियान में अपनी भागेदारी निभाते हुये जिम्मेदारी से दायित्वों का निर्वाह करें।

# ईद को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च





गाजियाबाद करंट क्राइम। थाना वेव सिटी व पंजाब पुलिस के जवानों के नेतृत्व में डासना के बाजार में ईद के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च किया गया।

जहां एक ओर लोकसभा चुनाव चल रहे हैं तो वहीं ईद के त्योहार को लेकर लोग ईद की खरीदारी करते नजर आ रहे हैं तो वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा बाजारों और क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे और ईद को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतेजाम भी किये गए हैं। थाना वेव सिटी प्रभारी अंकित चौहान व पंजाब पुलिस का फ्लैग मार्च सुरक्ष की दृष्टि से सराहनीय है।

# चोरों के आतंक से परेशान होकर आंदोलन की दी चेतावनी



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** दिन दहाड़े बदमाशों ने एक महिला को घर में अकेला देख उसकी जमकर पिटाई कर बंधक बनाते हुए घर में रखे करीब 20 तोले सोने चांदी के गहने व मोबाइल आदि लूट लिये। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाईकी मांग की है। निवाड़ी थानान्तर्गत गांव सालेनगर निवासी दीपक त्यागी पुत्र मुकेश त्यागी घर से बाहर गये हुए थे। घर में महिला दीपिका अकेली थी। दोपहर करीब 1 बजे तीन बदमाशों ने घर में प्रवेश कर महिला को डरा धमकाकर घर में रखे करीब 20 हजार के आभूषण लूट लिये और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पीड़िता ने अपने परिजनों संग थाने पंहुचकर तहरीर दे कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि नगर पंचायत निवाड़ी में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं मंगलवार को भी शिव मंदिर निवाड़ी मेन बाजार में चोरों ने एक दुकान का गल्ला तोड़कर हजारों की नकदी साफ कर दी थी। दो तीन माह के भीतर नगर पंचायत निवाड़ी में करीब आधा दर्जन दुकानों व मकानों के ताले तोड़कर चोरों ने घटनाओं को अंजाम दिया है। आरोप है कि पुलिस अभी तक भी किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर पाई है। शीघ्र ही घटनाओं का खुलासा ना किये जाने पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत दिल्ली एनसीआर उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्यागी ने आंदोलन की चेतावनी दी और थाने पहुंच पुलिस अधिकारियों से वार्ता की। इस दौरान सभासद राजकुमार त्यागी, पूर्व सभासद अवनीश त्यागी, सुबोध कुमार, मनोज त्यागी, सुंदरलाल फौजी, मदनलाल फौजी, निक्कू त्यागी आदि लोगों ने रोष प्रकट किया है।

## बैनामा कराने जा रही महिला से बदमाशों ने रुपए से भरा बैग छीना

**लोनी, करंट क्राइम।** प्लॉट का बैनामा कराने जा रही महिला से बेखौफ दो बाइक सवार बदमाशों ने छह लाख रुपए से भरा बैग छीन लिया। महिला ने शोर मचा दिया, शोर सुनकर आसपास खड़े लोगों ने बदमाशों को घेरकर दबोच लिया। महिला ने ट्रॉनिका सिटी थाने में पुलिस को अवगत कराया और लोगों की मदद से दोनों लुटेरों को थाने लेकर पहुंच गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों लुटेरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है। एसीपी सूर्यवली मौर्य ने बताया कि मंगलवार लगभग ग्यारह बजे दिल्ली आन्नद पर्वत की रहने वाली मोहिनी गुप्ता अपने प्लॉट का बैनामा कराने के लिये रामपार्क में खरीदे गये प्लॉट से रजिस्ट्रार कार्यालय आ रही थी कुछ ही दूर पर पीछे से दो बाइक सवार बदमाशों ने उसे रोक लिया और उसके हाथ से बैग छीन लिया।

# न्यूज डायरी

## पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर कार्यशाला आयोजित

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** नारी शक्ति वुमैन एम्पॉवर प्रशिक्षण केंद्र में कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त कर रही बेटियों के लिए पर्सनालिटी डेवलपमेंट कार्यशाला आयोजिंत की गई। प्रमुख वक्ता सुमित वर्मा ने बताया कि इसका उद्देश्य बेटियों को बताना कि कैसे आप अपने व्यक्तित्व को उभार सकती हैं। यानि व्यक्तित्व का विकास। पर्सनालिटी डेवलपमेंट में आपको अपने पर्सनल बिहेवियर, एटीट्यूड, प्रस्तुति का तरीका, लोगों से बात करने का तरीका और ऐसी ही बहुत सी चीजों को उभारना होता है। पर्सनालिटी डेवलपमेंट से आप अपने स्वभाव और व्यवहार में सुधार कर सकते हैं। इस दौरान शौभा चौधरी आदि मौजूद रहीं।


## चेक से एक लाख निकालकर की धोखाधड़ी

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक व्यक्ति का चैक लगाकर एक लाख रुपए निकालने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव भनेड़ा निवासी सुनील कुमार ने एक युवक के माध्यम से निजी फाइनेंस कंपनी से लोन लिया था। सुनील कुमार ने उक्त युवक को अपने दो चेक दे रखे थे। सुनील कुमार का आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने उन्हें बिना बताए चेक लगाकर उनके खाते से एक लाख रुपए निकाल लिए। पासबुक में एंट्री कराने पर इसकी जानकारी हुई। पीड़ित ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

## ईद उल फितर के त्योहार को लेकर पालिका ने चलाया सफाई अभियान

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** ईद उल फितर के त्योहार पर नगर पालिका परिषद ने शहर की ईदगाह बड़ी मस्जिद व अन्य मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया गया। पालिका के सफाई कर्मचारी बुद्धवार की सुबह से ही युद्धस्तर पर सफाई अभियान में लगे रहे। इसके अलावा शहर की मस्जिदों के आसपास भी सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिका परिषद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक ने बताया कि नगर पालिका परिषद की सफाई टीम के साथ वह सुबह से ही ईद के त्योहार को लेकर ईदगाह व मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया। सफाई कर्मचारियों द्वारा नाला सफाई और आसपास सफाई कराई गई, ताकि ईद की नमाज पढ़ने के लिये आने वाले नमाजियों को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

## महिला से हुई लूट का खुलासा, पति निकला षड्यंत्रकारी



**लोनी (करंट क्राइम)।** मकान खरीदने के लिये ससुर ने अपने दामाद के पास 6 लाख रुपये बतौर अमानत रखे, दामाद ने डेढ़ लाख रुपये खर्च कर दिये और मन में बेईमानी आ गई तो अपने दोस्तों को भाडे पर बुला कर अपने साथ ट्रॉनिका सिटी एरिया में लुट की घटना को अंजाम दिला दिया। घटना के दौरान शोर शराबा सुनकर कर राहगीरों ने दो बदमाशें को धर दबोचा पुलिस ने जब सख्ती की तो बदमाशों ने सारा राज उगल दिया। पुलिस ने आरोपी दामाद और उसके तीन दोस्तों को गिरफ्तार किया हे। वही एक बदमाश से लूट गये छह लाख अठारह हजार रुपये बरामद किये है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पकड़े गये बदमाश दीपक और योगेश कुमार करोल बाग, दीपक पुत्र तारा चन्द्र गणेशपुरा दिल्ली, तथा आशीष गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता हरीजन बस्ती न्यू रोहतक रोड आनंद पर्वत करोल बाग का रहने वाले है। पुलिस ने लूटी हुई छह लाख अठारह हजार रुपये और बाइक तथा चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है। गौरतलब है, कि ट्रॉनिका थाना एरिया में आनंद पर्वत करोल बो की रहने वाली मोहिनी गुप्ता ने ट्रॉनिका थोन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह व उसके पति आशीष गुप्ता बाइक से अपने पिता के घर छह लाख रुपये लेकर आ रहे थे कि उनके साथ बाइक सवार तीन बदमाशो ने चाकू की नोक पर उसके पति को बाइक रुकवा कर रुपयों से भरा छीन लिया था।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक हुई





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी सभागार में जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में संजय सिंह पुत्र दरियाव सिंह, प्रेमचंद निवासी मथुरा व अन्य शिकायतकर्ता तथा जिन प्रकरणों पर सुनवाई होनी थी उनसे संबंधित व्यक्ति उपस्थित रहे। संजय सिंह पुत्र दरियाव सिंह के प्रकरण में समिति ने पूर्व में लिए गए निर्णय को यथावत रखते हुए संजय सिंह को निर्गत अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया।

श्रीमती भारती पुत्री वीर सिंह को निर्गत कोरी जाति के प्रकरण में शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्य पुष्टि कारक ना होने के कारण शिकायत कर्ता की शिकायत निरस्त कर दी गई।

बैठक में रणविजय सिंह अपर जिलाधिकारी प्रशासन, आलोक चौहान तहसीलदार मोदीनगर, समाज कल्याण अधिकारी अमरजीत सिंह, रवि सिंह तहसीलदार गाजियाबाद उपस्थित रहे।

# महामाया स्टेडियम के बैडमिंटन कोर्ट में गंदगी की भरमार : भुल्लन चौधरी







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय महासचिव भुल्लन चौधरी ने महामाया स्टेडियम के बैडमिंटन कोर्ट में व्याप्त गंदगी पर रोष जताया है। बीते दिवस खिलाड़ियों ने स्टेडियम के बैडमिंटन कोर्ट में गंदगी देखकर क्रीड़ा अधिकारी मुर्दावाद के नारे लगाये। खिलाड़ियों का कहना था कि कई ब्र स्टेडियम के कर्मचारियों से गंदगी के बारे में बताया लेकिन उनके कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। स्टेडियम प्रशासन द्वारा स्वच्छ भारत अभियान पर पलीता लगाया जा रहा है।

इस मौके पर अरुण चौधरी भुल्लन ने बताया कि महामाया स्टेडियम में अनेकों खामियां हैं जिनसे क्रीड़ा अधिकारी को पहले भी कई बार अवगत कराया जा चुका है यदि क्रीड़ा अधिकारी चाहें तो वह कमियां दूर हो सकती हैं लेकिन क्रीड़ा अधिकारी की लापरवाही से यहां खिलाड़ियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## पूर्व सैनिक, शहीद सैनिक आश्रितों को ऑनलाइन निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद के भूतपूर्व सैनिक आश्रित, शहीद सैनिक आश्रित एवं शहीदों की विधवाओं को प्रदेश सरकार के सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास निदेशालय द्वारा इन्फारमेंशन टेक्नालॉजी प्रशिक्षण (ओ लेवल स्तर का) के तहत एस०एस०बी० कोचिंग, कम्प्यूटर फैशन डिजाइनिंग कोर्स, तथा कम्प्यूटर टैली कोर्स का ऑनलाइन निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। जनपद के इच्छुक सैनिक आश्रित अभ्यार्थी जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय गाजियाबाद में अपना आवेदन 25 अप्रैल तक पंजीकृत करा सकते हैं ताकि इच्छुक सैनिक आश्रित, विधवाओं की सूची निदेशालय को प्रेषित की जा सके।





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रदेश उपाध्यक्ष और एमएलसी मोहित बेनीवाल के गाजियाबाद आगमन पर विधायक अजीत पाल त्यागी, वार्ड 84 के पार्षद भाई प्रवीण चौधरी, क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत, भाजपा नेता प्रताप चौधरी ने उनका अभिनंदन किया।



# अमेरिकी सांसद शेरमैन ने पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफों के बांधे पुल

## कहा- भारत का चेहरा बन गए हैं मोदी

**वाशिंगटन।** देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता बनी हुई है। अब अमेरिका के एक वरिष्ठ सांसद ने भारत के पीएम की बढ़ाई की है। उन्होंने विकास कार्यों और 2014 से देश की आर्थिक प्रगति के लिए पीएम मोदी की सराहना करते हुए कहा कि वह भारत का चेहरा बन गए हैं।भारत- अमेरिका ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत होते देखा अमेरिकी सदन में भारत के सबसे अच्छे दोस्तों में से एक माने जाने वाले ब्रैड शेरमैन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत होते देखा है। हालांकि, रूस के साथ भारत के रक्षा संबंध भारत-अमेरिका संबंधों में एक चुनौती है।

**हर देश की अपनी चुनौतियां होती हैं :** उन्होंने मंगलवार को कहा, 'वह (मोदी) भारत का चेहरा बन गए हैं। हम आर्थिक विकास होते देखा है।



बेशक, हर देश की अपनी चुनौतियां होती हैं, हर नेता की अपनी चुनौतियां होती हैं। मैं किसी देश की सफलता का श्रेय सिर्फ एक नेता को नहीं देता। मेरा मतलब है कि आपके पास 1.3 अरब से अधिक लोग हैं और वे सभी भारत को और अधिक सफल देश बनाने के लिए साथ मिलकर काम कर रहे हैं।'

**28 सालों से शेरमैन कर रहे काम:** 69 वर्षीय ब्रैड शेरमैन हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी में वरिष्ठ डेमोक्रेट हैं। वह पिछले 28 वर्षों से भारत-अमेरिका संबंधों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'अमेरिका-भारत संबंध काफी मजबूत हुए हैं। मैं यह जानता हूं क्योंकि मैं यहां यूएस इंडिया कॉकस का पूर्व अध्यक्ष रहा हूं। हमने इसे सभी द्विदलीय कॉकस में सबसे बड़ा बनाया। हमने बहुत कुछ देखा है, विशेष रूप से रक्षा क्षेत्र में सैन्य खुफिया जानकारी साझा करने और सबसे बड़े संयुक्त अभियान और अभ्यास में।

### रूस के साथ भारत का संबंध होना हमारे लिए चुनौती

इसके साथ ही सांसद ने कहा कि रूस के साथ भारत के रक्षा संबंध बने हुए हैं और अमेरिका-भारत संबंध में यह एक चुनौती है। उन्होंने कहा, 'रूस के साथ हमारे संबंध बहुत अच्छे नहीं हैं। हम सभी यूक्रेन में युद्ध के सफल समाधान की आशा करते हैं और मुझे लगता है कि इससे निश्चित रूप से दुनिया को बहुत मदद मिलेगी। मुझे लगता है कि भारत में, जब मैं निवेशकों से बात करता हूं, तो अभी भी कुछ लालफीताशाही से निपटना बाकी है और मैं इसमें सुधार की उम्मीद करता हूं।'

# ट्रंप राष्ट्रपति चुने गए तो बाइडन से लेंगे बदला!

## संघीय जांच एजेंसियां जो के खिलाफ कर सकती हैं कार्रवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी मीडिया के हवाले से कहा जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप अगर आगामी चुनाव में राष्ट्रपति चुने जाते हैं तो इससे जो बाइडन की परेशानियां बढ़ सकती हैं। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप, जो बाइडन और उनके परिवार के खिलाफ चल रही संघीय जांच पर फोकस कर सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप की प्रचार टीम के एक करीबी ने बताया कि जो भी बाइडन सरकार कर रही है, वही ट्रंप भी कर सकते हैं।



### ट्रंप के खिलाफ 44 मामलों में चल रही है संघीय जांच

डोनाल्ड ट्रंप के एक अन्य करीबी ने बताया कि जिस तरह से डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ संघीय एजेंसियां जांच कर रही हैं, उसने एक मिसाल कायम कर दी है कि बाइडन को भी ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। उनका कहना है कि बाइडन ने जो किया है, वही उन्हें मिलेगा। डोनाल्ड ट्रंप अभी संघीय अपराध के 44 मामलों का सामना कर रहे हैं। इनमें से 40 मामले गोपनीय दस्तावेजों से संबंधित हैं और चार मामले 2020 के चुनाव में कथित धांधली से जुड़े हैं। हालांकि तमाम आरोपों के बावजूद डोनाल्ड ट्रंप आगामी चुनाव में राष्ट्रपति पद के तगड़े दावेदार हैं और जो बाइडन के साथ उनकी कांटे की टक्कर की उम्मीद की जा रही है।

**जो बाइडन के खिलाफ चल रहे मामलों पर फोकस करेंगे ट्रंप :** डोनाल्ड ट्रंप अगर राष्ट्रपति चुने जाते हैं तो वह अपने खिलाफ लगे संघीय आरोपों को खारिज कर सकते हैं, लेकिन राज्यों की तरफ से लगे आरोप, खासकर न्यूयॉर्क में उन्हें कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पड़ सकता है। न्यूयॉर्क की अपीलीय अदालत में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ नागरिक मामलों जैसे टैक्स में धोखाधड़ी, मानहानि और दुष्कर्म जैसे मामलों की सुनवाई हो रही है। वहीं जो बाइडन भी गोपनीय दस्तावेजों से संबंधित मामलों को लेकर आरोपी हैं, लेकिन अभी तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में माना जा रहा है कि ट्रंप, राष्ट्रपति चुने जाने के बाद जो बाइडन के खिलाफ चल रहे मामलों में तेजी ला सकते हैं।



## सीरिया पर इस्राइल की बड़ी कार्रवाई

# हिजबुल्ला के ठिकानों पर किया हमला

**यरुशलम।** इस्राइल आतंकवादी ग्रुप के ठिकानों को चुन-चुन का खत्म करने में लगा है। वह लगातार हमास को निशाना बना रहा है। इस बीच अब उसने सीरिया को निशाना बनाया है। बताया जा रहा है कि घुसपैठ की खबरों के बीच इस्राइल ने लेबनानी समूह हिज्बुल्ला के ठिकानों पर बमबारी की है।

इस्राइल कई बार चेतावनी दे चुका है कि वह हमास के साथ-साथ हिज्बुल्ला का सामना करने के लिए भी तैयार है। हाल के हफ्तों में सीरिया समेत कई जगह हमलों को तेज कर दिया है। इस्राइली रक्षा बल (आईडीएफ) का कहना है कि उसे खुफिया जानकारी मिली थी कि सीरिया में सैन्य बुनियादी ढांचे का इस्तेमाल हिज्बुल्ला आतंकवादी संगठन कर रहा है। सटीक जानकारी पर कार्रवाई करते हुए इसे निशाना बनाया।

### आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर हमला

इस्राइल की सेना ने साफ कह दिया है कि वह अपने क्षेत्र में होने वाली किसी भी गतिविधि के लिए सीरिया सरकार को जिम्मेदार मानती है। अगर उसके देश में हिज्बुल्ला घुसपैठ की कोशिश करता है तो वह शांति से नहीं बैठेगी। वहीं, सेना ने यह भी बताया कि पिछले कुछ घंटों में आईडीएफ ने दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्ला के कई ठिकानों और आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर हमला किया है। वहीं, दक्षिणी लेबनान में धायरा और तायर हर्फा के क्षेत्रों में खतरों को दूर करने के लिए हमला किया।

### इस्राइल-हमास के बीच छह माह से जंग जारी

हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरूआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इस्राइल और गाजा में कुल मिलाकर 30000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

# जैन आध्यात्मिक नेता को मिला अमेरिकी सम्मान

## गोल्ड वालंटियर सर्विस पुरस्कार से नवाजा गया

**वाशिंगटन।** भारत के जैन आध्यात्मिक नेता लोकेश मुनि को अमेरिका में सम्मानित किया गया है। उनको सार्वजनिक भलाई और मानवता में योगदान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के गोल्ड वालंटियर सर्विस पुरस्कार से नवाजा गया है।अमेरिका में वरिष्ठ डेमोक्रेटिक सांसद ब्रैड शेरमैन ने मंगलवार को भारत में अहिंसा विश्व भारती और वर्ल्ड पीस सेंटर के संस्थापक मुनि को राष्ट्रपति पुरस्कार गोल्डन शील्ड और सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर से सम्मानित किया।



### जो बाइडन ने दी बधाई

राष्ट्रपति जो बाइडन के हस्ताक्षर वाले पत्र में कहा गया है, 'मैं जनता की भलाई, देश और मानवता के लिए दिए योगदान के लिए आपको बधाई देता हूं।' गौरतलब है, राष्ट्रपति के स्वयंसेवी सेवा पुरस्कार के विजेताओं का चयन अमेरिकी सरकार की एक स्वतंत्र एजेंसी अमेरिकॉर्प्स द्वारा किया जाता है।

### जिम्मेदारी बढ़ गई: मुनि

लोकेश मुनि ने कहा, 'अमेरिकन प्रेसिडेंशियल अवार्ड से सम्मानित होना गौरव की बात है किन्तु जिम्मेदारी अधिक बढ़ गई है।'

**हम सभी पर निर्भर करती अमेरिका की कहानी :** सांसद ब्रैड शेरमैन ने कहा, 'अमेरिका की कहानी हम में से किसी एक पर नहीं, हम में से कुछ पर नहीं, बल्कि हम सभी पर निर्भर करती है। मैं आपको जनता की भलाई में योगदान देने के लिए बधाई देता हूं और मुझे आपको राष्ट्रपति के गोल्ड वालंटियर सर्विस अवार्ड और देश के लिए आपकी 500 घंटे की सेवा देने के लिए गर्व है।'

# दुनिया का सबसे बूढ़ा इंसान होने का दावा

## कहा- 1900 में पैदा हुआ है यह शख्स

**लीमा।** पेरू में पैदा हुए एक शख्स को लेकर दावा किया जा रहा कि वह दुनिया का सबसे बूढ़ा इंसान हो सकता है। बताया जा रहा कि शख्स 1900 में पैदा हुआ है। देश की सरकार का दावा है कि हुआनुको के मध्य पेरू क्षेत्र के स्थानीय निवासी मार्सेलिनो अबाद की उम्र 124 है। इसकी वजह से वह दुनिया के सबसे बूढ़े इंसान होंगे।



### ऐसे बिताए 12 दशक

सरकार ने कहा, 'हुआनुको की वनस्पतियों और जीवों के बीच, मार्सेलिनो अबाद टॉलेंटिनो या 'माशिको' जीवन को शांति से जीना जानते हैं। उनके स्वास्थ्य और व्यक्तित्व में यह साफ दिखता है कि वह कितने शांत स्वभाव के हैं। इसी व्यवहार की वजह से वह 12 दशक पार कर चुके हैं। पांच अप्रैल को मार्सेलिनों ने 124वां जन्मदिन मनाया है।

**कई लोगों ने किया आवेदन :** पेरू के अधिकारियों का कहना है कि वे अबाद का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज करवाने में मदद कर रहे हैं। निकाय के एक प्रवक्ता का कहना है कि गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के लिए कई लोगों ने आवेदन किया है, जो यह दावा कर रहे हैं कि वो सबसे बूढ़े व्यक्ति हैं। इन दावों की पुष्टि करने के लिए आधिकारिक दस्तावेजों और अन्य सबूतों की जांच एक विशेषज्ञ टीम द्वारा की जाएगी।

गौरतलब है, फिलहाल गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में सबसे उम्रदराज व्यक्ति की उम्र 111 है। वह ब्रिटेन के रहने वाले हैं।

## हमास से सवाल न पूछने पर अमेरिका का बयान

# 'गाजा नरसंहार में इस्राइली सेना के खिलाफ सबूत नहीं'

**वाशिंगटन।** हमास-इस्राइल के बीच जल रही जंग को करीब छह महीने से ज्यादा समय हो गया है। फिर भी युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां एक तरफ गाजा पर इस्राइल द्वारा किए जा रहे हमले की कई देश आलोचना कर रहे हैं। वहीं अमेरिका लगातार अपने दोस्त देश का साथ दे रहा है। एक बार फिर अमेरिका ने इस्राइल का बचाव किया है। उसने इस्राइली सेना द्वारा गाजा में नरसंहार किए जाने के आरोपों को खारिज कर दिया है। साथ ही कहा कि इसका कोई सबूत नहीं है।



**अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की आलोचना की :** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने मंगलवार को हमास को जवाबदेह ठहराने में असफल रहने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की आलोचना की। जबकि अमेरिकी रक्षा सचिव ऑस्टिन ने उन दावों से इनकार कर दिया, जिसमें इस्राइल पर गाजा में नरसंहार करने का आरोप लगा था।

**नरसंहार का कोई सबूत नहीं :** दोनों अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि इस्राइल को एन्क्लेव में मानवीय स्थिति में सुधार की गारंटी देनी चाहिए। इस दौरान ऑस्टिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के नए बजट अनुरोध के संबंध में अमेरिकी सीनेट सशस्त्र सेवा समिति के समक्ष गवाही में कहा कि हमारे पास नरसंहार का कोई सबूत नहीं है।

# दक्षिण कोरिया में संसदीय चुनावों के लिए मतदान

## 254 सीटों पर लोग डाल रहे वोट, 46 पर होगा फैसला

**सियोल।** आज दक्षिण कोरिया में संसदीय चुनावों में मतदान चल रहा है। सुबह छह बजे से वोटिंग जारी है। बता दें, इस चुनाव के नतीजों से यह तय हो जाएगा कि राष्ट्रपति यूं सुक येओल अपने शेष तीन वर्षों के कार्यकाल के दौरान विधायी समर्थन के साथ अपने एजेंडे को आगे बढ़ा पाएंगे या नहीं।



### सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक वोटिंग

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय चुनाव आयोग के अनुसार, देश भर में 14,259 मतदान केंद्रों पर सुबह छह बजे (स्थानीय समयानुसार) मतदान शुरू हुआ और शाम छह बजे तक चलेगा।

पिछले सप्ताह हुए शुरूआती मतदान के बाद, तीन करोड़ से अधिक लोग अपना मतपत्र डालने के योग्य हैं।

**इतनी सीटों पर मतदान :** गौरतलब है दक्षिण कोरिया के लोग तय करेंगे कि 300 सीटों वाली सदस्यीय संसद में कौन बैठेगा, जिसमें 254 सदस्य सीधे वोटों के माध्यम से चुने जाएंगे और अन्य 46 पार्टी समर्थन के अनुसार आवंटित किए जाएंगे। यहां दो मुख्य दल - राष्ट्रपति यूं सुक येओल की पीपुल पावर पार्टी और विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी - के पास 300 सदस्यीय संसद में 270 सीटें हैं। लेकिन दोनों पार्टियां आंतरिक संघर्षों और राजनीतिक विवादों से जूझ रही हैं, जिससे नई, अलग हुई पार्टियों को लाभ मिलने की संभावना बढ़ रही है। परिणाम बहुदलीय विधायिका हो सकता है।

### सुबह नौ बजे तक 6.9 फीसदी वोट डले

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय चुनाव आयोग के अनुसार, सुबह नौ बजे तक कुल मतदाताओं में से करीब 30 लाख यानी 6.9 फीसदी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो चार साल पहले हुए चुनाव के मुकाबले 1.1 फीसदी कम था।

# चंद्रयान-3 की टीम को मिला शीर्ष पुरस्कार

**वाशिंगटन।** इसरो की चंद्रयान-3 मिशन टीम को अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए 2024 जॉन एल ह्यजैकह्न स्विगर्ट, जूनियर पुरस्कार मिला है। यह अमेरिका-आधारित स्पेस फाउंडेशन का एक शीर्ष पुरस्कार है। कोलोराडो स्थित स्पेस फाउंडेशन के वार्षिक अंतरिक्ष संगोष्ठी उद्घाटन समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत डीसी मंजूनाथ ने इसरो की टीम की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया।



**भारत का नेतृत्व दुनिया के लिए एक प्रेरणा :** स्पेस फाउंडेशन अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सूचना, शिक्षा और सहयोग प्रदान करता है।

उसने घोषणा की थी कि अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए चंद्रयान-3 मिशन टीम का चयन किया गया है।

# तालिबान शासन में शिक्षा को तरस रही महिलाएं

## वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में शर्मनाक स्थिति

**काबुल।** अफगानिस्तान के तालिबान शासन में महिलाओं की स्थिति पर वैश्विक स्तर पर काफी चिंताएं जताई जा रही हैं। इस बीच विश्व बैंक ने एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया गया कि आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी के मामले में अफगानिस्तान दुनिया के 178वें स्थान पर आता है। रिपोर्ट में कुल 190 देशों को शामिल किया गया था।

### इन आधार पर तैयार हुई रिपोर्ट

महिलाएं, व्यवसाय और कानून-2024 के शीर्षक वाली विश्व बैंक की रिपोर्ट तीन प्रमुख मानदंडो पर केंद्रित है, जिसमें कानूनी ढांचे, नीति निर्माण और कानूनों और नीतियों के कार्यान्वयन में महिलाओं की स्थिति पर जोर दिया गया है। रिपोर्ट में महिलाओं की स्थिति का आंकलन कार्यस्थल गतिशीलता, वेतन, स्वामित्व अधिकार, मातृत्व अधिकार, उद्यमिता, निवेश, बाल देखभाल, सुरक्षा, विवाह और सेवानिवृत्ति अधिकार जैसे कई बुनियादी सुविधाओं के आधार पर की गई थी। खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान को कानूनी ढांचे के लिए 100 में से 20 अंक और नीति निर्माण के लिए 100 में से 13.3 अंक मिले हैं। सूची में बेल्जियम, डेनमार्क और कनाडा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है।



### अफगानिस्तान में महिलाओं पर करीब 90 प्रतिबंध

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, विश्व बैंक की रिपोर्ट चिंता पैदा करती है क्योंकि अफगानिस्तान में महिलाओं को वर्तमान में कई दमनकारी नीतियों का सामना करना पड़ा रहा है। अफगानिस्तान में महिलाओं को करीब 90 प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें रोजगार, शिक्षा और मुक्त आंदोलन आदि शामिल हैं। अफगानिस्तान में पिछले दो वर्षों में निजी क्षेत्र और व्यवसायों में महिलाओं की रुचि बढ़ी है।

### तालिबान का दावा- समृद्धि और सुकून भरा जीवन दे रहे

लड़कियों को पढ़ने से रोकने, महिला अधिकारों के दमन और उन्हें सार्वजनिक जीवन से दूर कर देने की खबरों के बीच पिछले साल तालिबान ने दावा किया था कि उसके राज में महिलाओं की बेहतरी के लिए हरसंभव कदम उठाए गए हैं ताकि वह एक समृद्ध और सुकून भरा जीवन जी सकें। तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने दावा किया कि इस्लामिक अमीरात शासन के दौरान महिलाओं को जबरन विवाह जैसी तमाम कुप्रथाओं से मुक्ति दिलाई गई है।

## डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में चौंकाने वाला दावा

# हेपेटाइटिस से हर दिन हजारों लोगों की मौत

**लंदन।** 'विश्व हेपेटाइटिस रिपोर्ट 2024' में चौंकाने वाला दावा किया गया है। इसमें आगाह भी किया गया है कि यह बीमारी विश्व स्तर पर संक्रामक बीमारियों से होने वाली मौतों का दूसरा प्रमुख कारण है। प्रति वर्ष 13 लाख मौतों के लिए जिम्मेदार यह बीमारी तपेदिक जैसी बीमारियों की श्रेणी में आती है, जिसे ज्यादातर संक्रामक मौतों का एक अन्य बड़ा कारण माना जाता है।



स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉक्टर टैड्रॉस ऐडहेनॉम घेबरेयेसस ने कहा कि यह रिपोर्ट एक चिंताजनक तस्वीर पेश करती है। हेपेटाइटिस संक्रमण रोकने में विश्व स्तर पर प्रगति होने के बावजूद मौतों की संख्या बढ़ रही है। इसकी बड़ी वजह यह है कि बहुत कम हेपेटाइटिस पीड़ितों के रोग का निदान व इलाज हो पा रहा है।

विश्व हेपेटाइटिस शिखर सम्मेलन के दौरान जारी की गई इस रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा कि हालांकि, अब निदान एवं उपचार के लिए बेहतर उपकरण उपलब्ध हैं और उनकी कीमतें भी घट रही हैं, लेकिन परीक्षण तथा उपचार कवरेज दरें नहीं बढ़ पाई हैं। एजेंसी ने ये भी कही कि अगर तात्कालिक रूप से तेज कार्रवाई की जाए तो 2030 तक डब्ल्यूएचओ उन्मूलन लक्ष्य तक पहुंचना सम्भव हो सकता है।

**मौतों में वृद्धि :** रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में प्रत्येक दिन 6000 लोग हेपेटाइटिस से संक्रमित हो रहे हैं। 187 देशों के आंकड़ों से पता चलता है कि वायरल हेपेटाइटिस से होने वाली मौतों की अनुमानित संख्या 2019 में 11 लाख से बढ़कर 2022 में 13 लाख हो गई है। इनमें से 83 प्रतिशत मौतें, हेपेटाइटिस बी के कारण और 17 प्रतिशत मौतें हेपेटाइटिस सी के कारण हुईं। डब्ल्यूएचओ के नवीनतम अनुमान से संकेत मिलता है कि 2022 में 25.4 करोड़ लोग हेपेटाइटिस बी और 5 करोड़ लोग हेपेटाइटिस सी के साथ जी रहे थे। गम्भीर हेपेटाइटिस बी और सी से आधे से ज्यादा संक्रमित लोग 30 और 54 आयु वर्ग से है, जिनमें 12 प्रतिशत बच्चे हैं। सभी मामलों में 58 प्रतिशत पीड़ित पुरुष हैं।

### निदान व उपचार की कमी

सभी क्षेत्रों में तीव्र हेपेटाइटिस बी संक्रमण से पीड़ित केवल 13 प्रतिशत लोगों को उचित निदान प्राप्त हुआ और केवल तीन प्रतिशत, यानि 70 लाख लोगों को 2022 के अंत में एंटीवायरल थेरेपी प्राप्त हुई थी, जो 2030 तक क्रोनिक हेपेटाइटिस बी व हेपेटाइटिस सी से पीड़ित 80 प्रतिशत लोगों के इलाज के वैश्विक लक्ष्य से काफी कम है। क्षेत्र के आधार पर भी वायरल हेपेटाइटिस का बोझ अलग-अलग देखने को मिलता है।

# भाजपा का घोषणा पत्र बन गया जुमला पत्र : पंखुड़ी पाठक

## डॉली शर्मा ने भी उठाए भाजपा उम्मीदवार पर तीखे सवाल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस-सपा गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा ने बुधवार को अपने लोकसभा चुनाव कार्यालय अंबेडकर रोड पर पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उनका प्रचार करने और पार्टी का मेनिफेस्टो जारी करने के लिए पंखुड़ी पाठक सोशल मीडिया की प्रभारी के रूप में यहां पहुंची थी।

पंखुड़ी पाठक ने कहा है कि भाजपा के घोषणा पत्र केवल जुमला पत्र बनकर रह गए हैं। बीते 10 सालों में जिस तरीके से यहां सामाजिक न्याय व्यवस्था खत्म हुई है और गरीबी और महंगाई का स्तर बढ़ा है उसकी चर्चा आज विश्वभर में हो रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से कांग्रेस ने अपने राज्यों में लोगों की खुशहाली लाने के लिए काम किया है ऐसे केंद्र सरकार द्वारा नहीं किए गए हैं। पंखुड़ी पाठक ने कहा कि राहुल गांधी ने जो चुनावी मेनिफेस्टो बनाया है वह इस बार लोगों को समझ आ रहा है और उसका चुनाव में फायदा भी होने वाला है।



### खोड़ा को पानी मेरी पहली गारंटी रहेगी : डॉली शर्मा

(करंट क्राइम)। इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस ने जो अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया है उसका नाम कांग्रेस गारंटी कार्ड है। इसमें पांच न्याय की बात की गई है। जिसमें युवा न्याय, नारी न्याय किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय को स्थान दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इसमें अपने हस्ताक्षर भी किए है। साथ ही युवा न्याय के लिए पांच घोषणाएं की गई हैं तो नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी में भी पांच-पांच गारंटी ली गई है। जिससे सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्होंने भी एक गारंटी ली है कि खोड़ा में पानी वह लाकर रहेगी। उन्होंने कहा जनता भाजपा की नीतियों और झूठी घोषणाओं से परेशान हो चुकी हैं।

### कांग्रेस की सरकार देगी 25 लाख का मुफ्त इलाज

(करंट क्राइम)। डॉली शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस की सरकार आती है तो मीडिया को उसका खोया सम्मान वापस लौटाया जाएगा। इसके साथ ही मीडिया की स्वतंत्रता पर भी सवाल नहीं उठाए जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे देश में किसी को भी इलाज करने के लिए 25 लाख रुपए का मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी। साथ ही महिलाओं, युवाओं व बेरोजगारों के लिए भी कई लाभकारी योजनाओं का जिक्र मेनिफेस्टो में किया गया है। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से पंखुड़ी पाठक, डॉली शर्मा, विजय चौधरी, विनीत त्यागी, सतीश त्यागी, सतीश शर्मा, मनोज, अश्वनी त्यागी, मधु चौधरी और लालमन सहित गठबंधन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भाजपा प्रत्याशी पर लगाए आरोप

(करंट क्राइम)। डॉली शर्मा ने इस दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी डरी हुई है, इसीलिए प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को गाजियाबाद की सीट के लिए चुनाव करने के लिए आना पड़ रहा है। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के ऊपर सवाल उठाते हुए पत्रकार वार्ता में अपनी बात रखी। डॉली शर्मा ने कहा कि लोनी- सहारनपुर हाईवे थोड़ी सी बारिश होने पर वहां नाव बहने लगती है। अस्पतालों का हाल भी किसी से छुपा नहीं है। जिला अस्पताल में अब स्टाफ इलाज करने से मना करने लगा है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें एक बात समझ नहीं आती है श्रीमान? चुनावों के दौरान क्यों हो जाती है भगवा सोनी जी की क्रांति शांत? उठाकर वापस रख देते हैं वो अपनी तरकश में वो प्राइवेट स्कूलों के तमाम मुद्दों वाले तीर? कहां चला जाता है चुनाव के दौरान उनके अंदर का आंदोलनकारी वीर? न उनकी आरटीआई और उन ही उनकी देती है इस मौके पर आवाज सुनाई? माजरा क्या है, जरा उनसे पता करके तो बताओ भाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि यूं तो क्रान्किारी विधानसभा में क्रान्तिकारी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने दी हुई है गर्ग साहब के चुनाव में धार? मगर हम देख रहे हैं जितने होने चाहिए उतने नहीं हो रहे हैं सौम्य मावी जी, यौद्धा मावी जी से लेकर डॉक्टर साहब के दीदार? हमने देखा जब गर्ग साहब ने की लोनी पहुंचकर भैया जी से मुलाकात? तब यहां पर धौलाना छोड़ कर कसाना जी भी मौजूद थे? मगर जिन चेहरों का ऊपर जिक्र किया है उनके दर्शन नहीं हुए साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम भाजपा वाले प्रधान जी का कुर्सी वाला प्रेम देखकर हो गये उस वक्त हैरान? जब उम्मीदवार गर्ग साहब डिप्टी सीएम के बराबर वाली कुर्सी पर बैठने के लिए हो रहे थे तैयार? तभी भगवा प्रधान ने उनको वहां से उठा दिया यार? लोकसभा वाले चेहरे को छोड़नी पड़ी प्रधान जी के लिए अपनी सीट? ये तो शुक्र है कि क्रान्तिकारी विधायक ने कर दी अपनी सीट गर्ग साहब के लिए अपनी सीट कुर्बान? मगर इस मामले में अंदर खाने उठाया हुआ है भगवागढ़ में तूफान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गर्ग साहब क्या उम्मीद के अनुसार नहीं रख रहे है बिरादरी वाले नेताओं का ख़्याल ? या फिर चुनाव प्रबंधन वाले भगवा वैश्य चेहरों का कार्यक्रम नहीं रहे है निकाल ? आप गौर फरमाओ पूरे चुनाव के प्रचार वाले मूवमेंट पर ? कुछ खास नजर नहीं आ रहे है गोयल साहब, दयाल जी और मिस्टर अग्रवाल ? या तो इन सब को पूछना नहीं समझा जा रहा है ज्यादा जरूरी ? या फिर नजर नहीं आने के पीछे है इन सब की कोई बड़ी वाली मजबूरी ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूँ अंदर की बात ? जनरली एक बार साहब के साथ अकेले में मुलाकात करना चाहते है गर्ग साहब ? वो भेजना तो चाहते है साहब के पास मुलाकात वाला पैगाम ? मगर उन्हें समझ ही नहीं आ रहा ये पैगाम आखिर वो भेजे किस चेहरे के साथ ? चुनाव में भले ही गर्ग साहब पूरी शिद्दत से मेहनत कर रहे हो ? मगर उनका दिल बार बार मार रहा है उनको साहब से मिलने के लिये आवाज ? देखना अब ये है कि बीच चुनाव में पूरा हो जाएगा मुलाकात वाला काम ? या फिर अब कभी नहीं निकलेगा इस समस्या का कभी समाधान ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं ये बात आपसे ऐसे ही नहीं कह रहा ? उम्मीदवार के आस पास है इस वक़्त कंजूस लोगों का घेरा ? यही वजह है कि उम्मीदवार चुनाव में नहीं कर रहे है ज्यादा खर्च ? लग रहा है कम खर्चे वाले मामले में ये गिनीज बुक में करके रहेंगे अपना नाम दर्ज ?जब भी जाओ उनके चुनाव कार्यालय पर सुनाई देते है कई चेहरों की ज़ुबानी इसी तरह के तर्क ? सुना है चुनाव में महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी सँभालने वाले चेहरे बैठे है खाली हाथ ? कहने वाले ने कहा उतर जाएगी कुछ ही दिनों में ये चुनाव वाली मेहँदी ? 26 अप्रैल के बाद भला कहाँ होने है चुनाव ? सुना है चुनाव प्रबंधन से जुड़े कुछ चेहरों ने पकड़ ली है वेकेशन वाली फ्लाइट ? अब भला कोई कितना दिल कब तक लगाएगा ? जब हजूर ने मामला कर रखा हो इतना टाइट ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि महिम भैया का गुस्सा इतनी आसानी से शांत हो गया होगा ? इस बात का तो नहीं है मुझको बिलकुल भी एतबार ? उनके समर्थक ही कह रहे थे, जंग कोई भी हो, हमारे ब्लैक कोट वाले भगवा कमिश्नर इतनी जल्दी नहीं डालते है हथियार ? सुना है हाल ही में अपने दर्द ए दिल को लेकर की है उन्होंने भगवा चौहान से मुलाकात ? चौहान इनके जज्बे को देखकर ज्यादा संतुष्ट नजर नहीं आये ? कह दिया टाइम वेस्ट मत करो, कैंडिडेट को लड़ाओ मजबूती से चुनाव ? चौहान जी को ज्यादा फील नहीं हुई इनके अंदर गुस्से वाली आग ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम एक बात पर भगवा गर्ग साहब का खींचना चाहते है ध्यान ? भगवा मोहन जी कर रहे है पूरी शिद्दत से उनके चुनाव में काम ? हमने देखा रात ग्यारह बजे तक थे वो चुनाव कार्यालय पर मौजूद ? ये वो वक़्त था जब नजर नहीं आ रहा था गर्ग साहब के प्रिय मित्तल जी का भी वजूद ? इस दौरान मिस्टर मोहन, वर्मा जी के साथ बना रहे थे चुनाव प्रबंधन की योजना ? अगर इस चुनाव में रिजल्ट उनके पक्ष में आये ? तो उनको जरूर चाहिए होगा मोहन जी के बारे में भी सोचना ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा के एक बड़े चेहरे ने मिला लिए पुंडीर जी से हाथ ? जब अंधेरा होता है, तो भगवा ठाकुर, बसपा उम्मीदवार को लेकर योजना बनाते है एक साथ ? भगवा गढ़ बड़े वेक ठाकुर खुलकर तो नहीं, मगर बिरादरी वालों को मोबाइल कॉल के मध्यम से पुंडीर जी को सहयोग करने का दे रहे है संदेश ? सुना है इन सभी प्रक्रियाओं से बसपा वाले बहुत खुश है ? क्यों कि बिना किसी ज्यादा प्रयास के, उनके उम्मीदवार के लिए मेहनत कर रहा है भाजपा वालों का ये बड़ा फेस ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ में हो गया है एक नये गुट का गठन ? सुना है अनदेखी के शिकार कुछ चेहरों ने इस गुट के निर्माण में खुद ही किया है अपने अपने चेहरों का चयन ? इस ग्रुप में हुई है पूरे गौरव से खोपड़े का प्रयोग करने वाले पंजाबी नेता की एंट्री ? सुना है माथे पर मोटा सा टीका पाल ने वाले नेता ने भी सम्भाला है नये गुट का प्रभार ? पूरे कुल को अपने दीप से रोशन करने वाले त्यागी जी की भी इसमें हुई है शानदार एंट्री ? रजा पूरी करने वाले इलू भैया भी कर रहे इस गुट में दिलजली भावनाओं की कमेंटरी ? सुना है जब हो जाती है आधी रात ? तब ये सब अपना दर्द शेयर करते है एक दूसरे के साथ ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## नौनिहालों की शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर सजग हैं एडीएम गंभीर सिंह : संजीव कुमार गुप्ता






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कुछ अच्छा कर गुजरने का दिल में जज्बा हो तो कोई काम ऐसा नहीं जिसे इंसान पूरा न कर सके। आमतौर पर सरकारी तंत्र के विषय में आम आदमी की सोच उदासीन ही दिखाई देती है। परंतु हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। हर विचारधारा का अपवाद कहीं न कहीं किसी न किसी रूप में मिल ही जाता है। गाजियाबाद में भी ऐसी ही एक मिसाल के रूप में एडीएम सिटी गंभीर सिंह अपनी पहचान बना रहे हैं। ऐसा कहना है समरकूल के चेयरमैन और वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार गुप्ता का। संजीव कुमार गुप्ता गंभीर सिंह के व्यक्तित्व से बहुत ही प्रभावित हैं। समय-समय पर जब कभी भी उन्हें किसी भी प्लेटफार्म पर मौका मिलता है तो वह एडीएम सिटी की तारीफ करने में कतई पीछे नहीं रहते। ऐसा ही एक मौका बुधवार को उस समय रहा, जब वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी गंभीर सिंह ने अपने द्वारा लिखी एक पुस्तक शिक्षा - पुंज संजीव कुमार गुप्ता को भेंट की। गंभीर सिंह ने अपनी इस पुस्तक में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने तथा गरीब बच्चों को शिक्षित करने और उनके उत्थान के विषय में विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए हैं। इस पुस्तक का संपादन उनकी धर्मपत्नी श्रीमती डॉक्टर अंजली सिंह के द्वारा नया विचार नई ऊर्जा फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में किया गया है। संजीव गुप्ता के अनुसार गंभीर सिंह अपनी धर्मपत्नी के साथ मिलकर वर्षो से समाज के निचले तबके के उत्थान के लिए अनेकों कार्य करते आ रहे हैं। इनके सेवा कार्यों में गरीब बच्चों की शिक्षा तथा स्वास्थ्य प्रमुख रूप से रहते हैं। इस दंपति का सपना भारत को फिर से सोने की चिड़िया बनते हुए देखना है। गंभीर सिंह के अनुसार देश में अच्छी शिक्षा और अच्छा स्वास्थ्य ही भारत को पुन: सोने की चिड़िया बना सकता है।

# चुनावी जंग की जीत का मूल मंत्र बूथ जीतना है: मोहित बेनीवाल







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोहिया नगर स्थित हिन्दी भवन के सभागार में भाजपा का मुरादनगर विधानसभा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी मोहित बेनीवाल रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की। कार्यक्रम में मंचासीन बलदेव राज शर्मा, लोकसभा प्रभारी विजय शुक्ला,लोकसभा संयोजक अजय शर्मा, पूर्व महापौर अशु वर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय मोहन, अमर दत्त शर्मा, विधानसभा प्रभारी रकम भाटी,विधानसभा संयोजक अरविंद भारतीय, ब्लॉक प्रमुख राहुल चौधरी, राजीव त्यागी, राजेंद्र यादव, महामंत्री गोपाल अग्रवाल, पप्पू पहलवान, राजेश त्यागी, सुशील गौतम, संजीव गुप्ता, गुंजन शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, विस्तारक अंकित शर्मा उपस्थित रहे।

मंचासीन वक्ताओं ने सभी बूथ अध्यक्ष, सैक्टर प्रभारी, सैक्टर संयोजकों का संगठनात्मक मार्ग दर्शन किया।

मुख्य वक्ता मोहित बेनीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि चुनावी महासमर में सैनिक बनकर मोर्चा लेने वाला सबसे महत्त्वपूर्ण सिपहसालार बूथ अध्यक्ष और उसकी टोली होती है। चुनावी जंग की जीत बूथ जीता चुनाव जीतने के मूल मंत्र पर आधारित है। विधायक अजीत पाल त्यागी ने बूथ अध्यक्ष और उनकी टोली के दम पर मंच से अतुल गर्ग को मुरादनगर विधानसभा से डेढ़ लाख वोट से जिताने का ऐलान किया। कार्यक्रम के दौरान ही विधायक अजीत पाल त्यागी ने बसपा के सभासद धर्मवीर राठी को भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के द्वारा पटका पहनाकर भाजपा में शामिल कराया।

## एमएलसी दिनेश गोयल ने संजीव बालियान के लिए की वोटों की अपील








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुजफ्फरनगर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान के समर्थन में विधान परिषद सदस्य दिनेश कुमार गोयल ने एसडी पब्लिक स्कूल में प्रबन्धक, प्रधानाचार्या, शिक्षक सम्मेलन में उपस्थित होकर जनसभा को संबोधित किया।

एनडीए गठबंधन के पक्ष में बोलते हुए दिनेश कुमार गोयल ने आने वाले लोकसभा चुनाव में कमल के निशान के सामने बटन दबाकर मुजफ्फरनगर लोकसभा प्रत्याशी संजीव बालियान को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान कपिल देव अग्रवाल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, अशोक कंसल पूर्व विधायक, श्रीमति मीनाक्षी स्वरूप अध्यक्ष नगर पालिका, श्रीमति सुनीता बालियान पत्नी संजीव बालियान, एस0डी0ग्रुप के प्रबन्धक आकाश कुमार, भाजपा व राष्ट्रीय लोकदल के सभी पदाधिकारी व प्रबन्धक प्राधानाचार्या व शिक्षक उपस्थित रहे।

### चुनावी पम्फलेट, पोस्टर या अन्य कोई सामग्री मुद्रण के सम्बंध में दिशा-निर्देश जारी

**उल्लंघन करने वालों को 6 माह कारावास या दो हजार का जुमार्ना**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव आयोग के निर्देशों के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सभी प्रिंटिंग प्रेस के प्रबंधकों, संचालकों को निर्देश दिये हैं कि चुनाव सम्बंधी पम्फलेट, पोस्टर का मुद्रण एवं प्रकाशन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127 क के तहत ही किया जाये। चुनावी पम्फलेट या पोस्टर तथा प्रकाशक द्वारा मुद्रित ऐसी किसी भी सामग्री पर मुद्रक तथा प्रकाशक के नाम व पते का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाए। प्रिंटिंग प्रेसों से धारा 127 क (2) के तहत मुद्रण सामग्री मुद्रित होने के तीन दिन के अंदर मुद्रित प्रतियां (प्रत्येक मुद्रित सामग्री की तीन अतिरिक्त प्रतियों सहित) भेजने तथा प्रकाशक से घोषणा प्राप्त कर उसे जिला निर्वाचन कार्यालय को भेजा जाये। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये हैं कि धारा 127 (क) के प्रावधानों तथा आयोग के अनुदेशों के किसी भी प्रकार के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा। कोई व्यक्ति जो उप-धारा (1) अथवा उप धारा (2) के किसी भी उपबंध का उल्लंघन करता है, उसे 6 महीने तक कारावास अथवा दो हजार रुपए तक जुर्माना किया जा सकता है।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सफल रोड शो हुआ और इसका पूरा क्रेडिट टीम वर्क को है। एक वो टीम जो हेलीपेड से लेकर रोड शो शुरू होने से पहले पीएम से मिली। लेकिन एक टीम वो भी थी जो रोड शो से आधा घंटा पहले तक तैयारियों को लेकर काम कर रही थीं,जो सुरक्षा टीमों के साथ सामंजस्य बिठाकर व्यवस्था को संभाल रही थी। ये टीम आधी रात को भी यहां डेरा डाल कर काम कर रही थी। बीजेपी नेता तुषार मित्तल, दिवाकर सिंघल, दुष्यंत गुप्ता,तरुण शर्मा ने 3 दिन पहले से अंबेडकर रोड पर डेरा डाल दिया और प्रधानमंत्री के आगमन से 30 मिनट पहले तक तैयारियों को लेकर काम करते रहें। ये सही मायनों में कार्यकर्ता भाव है जिसमे मुलाकात की चाह नही है जिसमे फोटो का लगाव नहीं है और समर्पण भाव ऐसा की दिन और रात नही देखे।

## जेपी हॉस्पिटल नोएडा ने किडनी ट्रांसप्लांट करने में हासिल की एक बड़ी उपलब्धि




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नोएडा स्थित मल्टी सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा संस्थान जेपी हॉस्पिटल, ने 1000 से अधिक सफल किडनी प्रत्यारोपण कर एक गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है,और खास बात यह है कि पूरे दिल्ली- एन.सी.आर. में जेपी हॉस्पिटल में अंगों का प्रत्यारोपण बहुत ही उचित कीमत पर किया जाता है।

दुनियाभर से आए मरीजों का सफल किडनी प्रत्यारोपण कर विश्वास के साथ विदेश में भी हॉस्पिटल ने एक सम्मानजनक स्थान हासिल किया है।


अपनी उपलब्धि पर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए जेपी हॉस्पिटल के यूरोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट विभाग के डायरेक्टर एवं कोर्डिनेटर डॉ. अमित के. देवड़ा ने कहा कि भारत में हर साल करीब 12000 से अधिक किडनी ट्रांसप्लांट हो रही हैं और खराब जीवनशैली के चलते अधिकांश लोग किडनी की समस्याओं से ग्रषित हैं।

ट्रांसप्लांट एक सफल प्रक्रिया है और ट्रांसप्लांट की मदद से मरीजों को नई जिंदगी प्रदान की जाती है लेकिन अभी भी यह देखा गया है कि लोगों के बीच किडनी दान करने को लेकर जागरूकता की बहुत कमी आई है। डॉ. विजय कुमार सिन्हा, डायरेक्टर डिपार्टमेंट ऑफ नेफ्रोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट ने कहा कि स्थापित होने के कुछ ही वर्षों में जेपी हॉस्पिटल ने 1000 से अधिक किडनी का प्रत्यारोपण अपने आप में एक अनोखा रिकार्ड बनाया है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** यूथ आइकॉन नीरज सिंह जब चुनाव प्रचार की कमान संभालते हैं तो अपनेपन का अहसास अपने आप ही होने लगता है। ये उनका बड़प्पन है कि अपनी पोस्ट में छोटे से छोटे नाम को भी स्थान देना, सम्मान देना नही भूलते। युवा मोर्चा की बैठक को सम्बोधित किया और इस पोस्ट को फेसबुक पर साझा किया। यूथ आइकॉन नीरज सिंह की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।